www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 35.c

28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 95.770g

चांदी 78.800 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 कायम रहे यह राजनीतिक सहमति, राजनीति देश के लिए होती है, देश की कीमत पर नहीं

बिहार के युवक ने शाहजहांपुर में की आत्महत्या 04

वर्ष :08 | अंक :308 | मुंबई , बुधवार 30 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने पर व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या, 10 से अधिक लोग गिरफ्तार

कर्नाटक के मंगलुरु में रविवार को एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने पर भीड़ द्वारा एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ित की तत्काल मौत नहीं हुई, बल्कि बाद में उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है और गिरफ्तारियां कर ली गई हैं। राज्य मंत्री ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति की मॉब लिंचिंग की घटना की सूचना मिली है। मुझे बताया गया कि ऐसी खबरें हैं कि वह एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहा था, जिसके कारण कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। उसकी मौके पर मौत नहीं हुई, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। मुझे अभी पूरी रिपोर्ट नहीं मिली है। करीब 10 से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना रविवार को दोपहर करीब 3 बजे एक क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान हुई, जिसमें दस टीमें और 100 से ज्यादा खिलाड़ी शामिल थे।

### दिल्ली एनसीआर के मौसम ने बदली करवट, जारी हुआ बारिश का अलर्ट

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इन दिनों कड़ाके की गर्मी हो रही है। बढ़ता तापमान लोगों को लगातार परेशान कर रहा है। दिल्ली एनसीआर और इसके आस पास के इलाकों में लोगों को जल्द ही गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुमान से ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में मौसम विभाग ने 29 अप्रैल को बारिश की संभावना व्यक्त की है। दिल्ली में 30 अप्रैल तक बादल छाए रह सकते है। वहीं एक से दो मई के बीच भी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है। दिल्ली में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विभाग की मानें तो नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव, दिल्ली, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा के इलाकों में 29 अप्रैल को बारिश हो सकती है। दिल्ली एनसीआर में शाम के समय मौसम खराब हो सकता है। दिल्ली में 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती है। दिल्ली में इस दौरान बारिश की शुरूआत हो सकती है। बारिश के कारण तापमान में दो डिग्री की गिरावट होने का अनुमान है, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

# पहलगाम हमला- पीएम के साथ रक्षा मंत्री, एसडीएस , एनएसए की बैठक

## गृह मंत्री के साथ सिक्योरिटी फोर्सेस की बैठक; जम्मू-कश्मीर के 48 पर्यटन स्थल बंद

**हाई लेवल बैठक**

भारतीय सेना के जुड़े संस्थानो पर पाकिस्तानी हैकरों ने साइबर हमले की कोशिश की थी, जिसे नाकाम कर दिया गया. सेना के स्कूल और संस्थानों पर साइबर अटैक किया गया था, लेकिन भारतीय साइबर योद्धाओं ने कोशिश को नाकाम कर दिया.

एजेंसी

नई दिल्ली , पीएम मोदी से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मुलाकात की। पीएम हाउस में हुई इस मीटिंग में चीफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान, नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद रहे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंगलवार को गृह मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई। इस हाई लेवल बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड , बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स , केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक बुधवार सुबह 11 बजे होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पहलगाम हमले के बाद यह पहली कैबिनेट बैठक है। भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के हैंडल पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद ख्वाजा आसिफ का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान लंबे अरसे से आतंकी संगठनों को फंडिंग करता आ रहा है। भारत ने सोमवार को 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स भी बैन कर दिए थे। पहलगाम हमले में आज इंटेलिजेंस एजेंसियों ने बड़ी जानकारी दी। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान का पूर्व एसएसजी कमांडर हाशिम मूसा है। मूसा अभी लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहा है। लश्कर ने ही उसे जम्मू-कश्मीर भेजा था, ताकि वह सुरक्षा बलों और गैर-कश्मीरियों पर हमलों को अंजाम दे सके। मूसा ने गांदरबल के गगनगीर में अक्टूबर 2024 में हमले को अंजाम दिया था। इसमें कई मजदूर और एक स्थानीय डॉक्टर की जान गई थी। अटैक की जांच कर रही एनआईए लगातार सीन री-क्रिएशन कर रही है।



**पाकिस्तान ने मंगला डैम में पानी का स्टोरेज करना शुरू किया**

भारत के वाटर-स्ट्राइक का असर अब पाकिस्तान पर दिखाई पड़ने लगा है. सिंधु जल समझौते के टूटने के बाद पाकिस्तान ने मंगला डैम में पानी का स्टोरेज करना शुरू कर दिया है. मंगला डैम पीओके के मीरपुर में है और इसी से पाकिस्तान के एक बड़े हिस्से को पानी जाता है.

समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जवाब में जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, चल रहे अभियान की संवेदनशीलता के कारण इस समय कोई विशेष अपडेट साझा नहीं किया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की छापेमारी इससे पहले सोमवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डोडा जिले में 13 जगहों पर छापेमारी की थी।

# पहलगाम हमला – कांग्रेस के 'पीएम गायब' पोस्टर पर विवाद

## जवाब में भाजपा की पोस्ट- 'पाकिस्तान के यार', कहा- इनकी मानसिकता सिर तन से जुदा वाली

**भाजपा प्रवक्ता ने भी पोस्टर जारी किया**

भाजपा-कांग्रेस के बीच जारी पोस्टर वार में भाजपा के स्पोकपर्सन आरपी सिंह ने एक पोस्टर जारी किया। राहुल जैसी सफेद टीशर्ट पहने और गांधी टोपी लगाए व्यक्ति को पीठ पीछे चाकू लिए दिखाया गया है। इस फोटो को उन्होंने 'पाकिस्तान के यार' कैप्शन के साथ जारी किया है।

एजेंसी

नई दिल्ली , पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना निशाना साधा है। कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें कुर्ता-पायजामा पहने शख्स का सिर कटा हुआ है और उसके हाथ-पैर गायब है। इसके कैप्शन में लिखा है कांग्रेस की इस पोस्ट को पहलगाम हमले के बाद 24 अप्रैल को हुई सर्वदलीय बैठक से जोड़कर देखा जा रहा है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी नहीं आए थे। कांग्रेस ने मांग की थी कि प्रधानमंत्री भी इसमें शामिल हों। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की थी। पोस्ट पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस और आतंकियों की सोच एक जैसी है। कांग्रेस लश्कर-ए-पाकिस्तान है। पाकिस्तान के टावर से कांग्रेस का सिग्नल मिलता है। राहुल के सिग्नल पर ऐसा हो रहा है। पाकिस्तान में वाहवाही के लिए कांग्रेस ऐसा कर रही है। मालवीय बोले- असल में गर्दन तो कांग्रेस की कटी है कांग्रेस की पोस्ट पर भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा- कांग्रेस ने सिर तन से जुदा जैसी भाषा के इस्तेमाल से एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह मुस्लिम वोट बैंक को ध्यान में रखकर की गई टिप्पणी है।




खड़गे ने भी कहा था- पीएम का नहीं आना, शर्म की बात 28 अप्रैल को जयपुर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा- देश की बदकिस्मती है कि सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नहीं आए। ये शर्म की बात है। देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई गई, आप (मोदी) बिहार में चुनावी भाषण दे रहे हो। आप दिल्ली नहीं आ सके। क्या बिहार से दिल्ली इतनी दूर है?

# भारत में रहते हुए भी पाकिस्तान के प्रति प्रेम क्यों, वहां चले जाओ...

## विपक्षी नेताओं के बयान पर भड़के पवन कल्याण

एजेंसी

पवन कल्याण ने कहा कि जब भारत पर हमला हो रहा हो, तो आप पाकिस्तान के समर्थन में खड़े नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हुए भी पाकिस्तान के प्रति प्रेम व्यक्त कर रहे हैं। अगर उन्हें सच में पाकिस्तान से प्रेम है तो उन्हें भारत छोड़कर वहां चले जाना चाहिए।

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कांग्रेस के नेताओं के एक वर्ग द्वारा पाकिस्तान पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है। ये टिप्पणियां और उसके बाद कांग्रेस-भाजपा विवाद 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए बड़े आतंकी हमले और उसके बाद भारत की प्रतिक्रिया का एक हिस्सा हैं। अभिनेता-राजनेता ने आज कहा कि कुछ नेता टेलीविजन पर पाकिस्तान के प्रति प्रेम का इजहार कर रहे हैं। आप भारत में रहकर पाकिस्तान से प्रेम नहीं कर सकते। अगर आपको पाकिस्तान से इतना प्रेम है, तो भारत छोड़ दीजिए। पवन कल्याण ने कहा कि जब भारत पर हमला हो रहा हो, तो आप पाकिस्तान के समर्थन में खड़े नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भारत में रहते हुए भी पाकिस्तान के प्रति प्रेम व्यक्त कर रहे हैं। अगर उन्हें सच में पाकिस्तान से प्रेम है तो उन्हें भारत छोड़कर वहां चले जाना चाहिए। पाकिस्तान के प्रति इतना प्रेम क्यों है ? अगर आप सच में उनका समर्थन करते हैं तो वहीं जाकर रहिए। कुछ लोग, खासकर कांग्रेस के नेता-संभवतः एमएलसी-भारत के दक्षिणी हिस्से से, टीवी डिबेट के दौरान इस तरह के बयान दे रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी मतभेद हैं। अगर भारत पर हमला होता है और कोई धर्मनिरपेक्षता के नाम पर पाकिस्तान का समर्थन करता है, तो यह स्वीकार्य नहीं होगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सैफुद्दीन सोज सहित कुछ कांग्रेस नेता पाकिस्तान समर्थक टिप्पणियों के बाद विवादों में फंस गए हैं। पवन कल्याण ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें जन सेना कार्यकर्ता मधुसूदन राव सहित 26 लोगों की जान चली गई।




# ये पता लगाना मुश्किल, सपा का बयान है या पाकिस्तानी प्रवक्ता का...

## पहलगाम हमले पर योगी ने अखिलेश को घेरा

योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी का कोई व्यक्ति यहां तक कहता है कि हिंदुओं ने हिंदुओं को मारा है। जब भी विभाजनकारी राजनीति होगी, सपा और कांग्रेस के नेता तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर देंगे, जैसा कि वे अभी कर रहे हैं।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद, हमारे लिए यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि क्या वाकई समाजवादी पार्टी के नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं, या फिर पाकिस्तान के प्रवक्ता हैं। कानपुर के एक व्यक्ति शुभम द्विवेदी की पहलगाम में बेरहमी से हत्या कर दी गई। जब एक पत्रकार ने समाजवादी पार्टी के नेताओं से पूछा कि वे शुभम द्विवेदी के घर क्यों नहीं गए, तो उन्होंने कहा कि मृतक उनकी पार्टी का सदस्य नहीं था। यह बहुत शर्मनाक बयान है। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी का कोई व्यक्ति यहां तक कहता है कि हिंदुओं ने हिंदुओं क ो मारा है। जब भी विभाजनकारी राजनीति होगी, सपा और कांग्रेस के नेता तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर देंगे, जैसा कि वे अभी कर रहे हैं। पूरे देश को एक स्वर में इस घटना की निंदा करनी चाहिए, और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें आतंकवाद के खिलाफ लड़ने और इसे खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सीमा होनी चाहिए जहां हम अपने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर देश और अपने लोगों के बारे में सोचें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बुधवार को, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए



# यमुना नदी को लेकर हुआ बड़ा खुलासा

## 22 जगहों पर फेल हुए सैंपल, नहाने लायक भी नहीं है पानी

मंत्रालय ने संसद की स्थायी समिति के सामने की है, जिसमें कहा गया कि दिल्ली व उत्तर प्रदेश में मॉनिटरिंग वाली सभी सात और 12 जगहों पर पानी के सैंपल क्वालिटी टेस्ट में पास नहीं हो सके है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी मॉनिटरिंग की गई है, जिनमें महज चार जगहों में सैंपल सीपीसीबी के मानदंडों पर खरा उतरा है।

एजेंसी

नई दिल्ली , केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने यमुना नदी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए है। यमुना नदी में प्रदूषण के स्तर की जानकारी हासिल करने के लिए 33 जगहों पर मॉनिटरिंग की जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मानक पर यमुना नदी का पानी खरा नहीं उतरा है। नदी के सैंपल कुल 33 जगहों से लिए गए थे, जिनमें से 22 जगहों का सैंपल फेल हो गया है। इस रिपोर्ट की पेशकश मंत्रालय ने संसद की स्थायी समिति के सामने की है, जिसमें कहा गया कि दिल्ली व उत्तर प्रदेश में मॉनिटरिंग वाली सभी सात और 12 जगहों पर पानी के सैंपल क्वालिटी टेस्ट में पास नहीं हो सके है।



# राहुल गांधी का रायबरेली दौरा: सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति का किया अनावरण, सेल्फी लेने के लिए उमड़ी भीड़

## सांसद और लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रायबरेली

सुबह राहुल गांधी लखनऊ में हवाई जहाज से उतरने के बाद सड़क मार्ग के जरिए कुंदनगंज पहुंचे. लेकिन इस बार प्रसिद्ध पिपलेश्वर मंदिर चुरवा बॉर्डर पर उनका काफिला नहीं रुका. हनुमान जी के दर्शन किए बिना राहुल गांधी आगे बढ़ गए. रास्ते में जहां भी कार्यकर्ता झंडा लेकर दिखाई दिए, राहुल गांधी ने काफिला रुकवाकर उनसे मुलाकात की.

एजेंसी

रायबरेली: सांसद और लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र पहुंच चुके हैं. राहुल गांधी के दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं. इसके बाद सांसद राहुल गांधी ने लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर सिविल लाइन चौराहे पर स्थित सुभाष चंद्र बोस की नई मूर्ति का अनावरण किया. इस दौरान उन्होंने सेल्फी करवाने के लिए भीड़ में संघर्ष कर रहे लोगों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई. राहुल गांधी के साथ सेल्फी लेने के बाद लोग काफी खुश दिखाई दिए. यहां के बाद राहुल गांधी भुयेमऊ गेस्ट हाउस चले गए. राहुल गांधी को कलेक्ट्रेट में बचत भवन में दिशा की बैठक में शामिल होंगे. भाजपा नेताओं ने राहुल के खिलाफ में लगाए पोस्टर: राहुल गांधी के दौरे से पहले हरचंदपुर क्षेत्र में हरचंदपुर के युवा मंडल अध्यक्ष हर्षित सिंह ने राहुल गांधी के खिलाफ होर्डिंग लगाया है.



### आतंकियों से नहीं मिला हुआ था 'अल्लाह हू अकबर' बोलने वाला कश्मीरी जिपलाइन ऑपरेटर

ईश्वर का नाम लेना स्वाभाविक प्रतिक्रिया: एनआईए

एजेंसी

मंगलवार (22 अप्रैल) को भारत के जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 26 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। यह पिछले 25 सालों में हिमालयी क्षेत्र में नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला है। इस घटना ने दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में व्यापक जन आक्रोश पैदा कर दिया है और भारत सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है।

**भड़के** तमिलनाडु की कानून व्यवस्था को लेकर खुद अपनी पीठ थपथपाते नजर आए स्टालिन

# ये मणिपुर, कश्मीर या कुंभ मेला नहीं, : एमके स्टालिन

एजेंसी

तमिलनाडु विधानसभा सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कानून और व्यवस्था पर अपनी सरकार के रिकॉर्ड का दृढ़ता से बचाव करते हुए घोषणा की कि राज्य में शांति द्रविड़ सरकार के मॉडल के तहत मजबूत पुलिसिंग का परिणाम है। सदन में बोलते हुए स्टालिन ने कहा कि उनके नेतृत्व में काम करने वाले पुलिस बल के लगातार प्रयासों के कारण तमिलनाडु एक धर्मनिरपेक्ष और शांतिपूर्ण राज्य बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में शांति है, क्योंकि पुलिस विभाग मेरे अधीन है। जब राज्य में शांति होगी, तभी काम आगे बढ़ेगा, उद्योग फलेंगे-फूलेंगे, शिक्षा बढ़ेगी, महिलाएं और बच्चे आगे बढ़ेंगे, खेल विकसित होंगे, आयात-निर्यात बढ़ेगा, पर्यटन फलेगा-फूलेगा। तमिलनाडु में शांति का कारण मेरा पुलिस विभाग है। मैं, आप और तमिलनाडु के लोग इस उपलब्धि के लिए पुलिस बल के सभी लोगों के हमेशा आभारी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक सौहार्द को बिगाड़ने के छिटपुट प्रयासों के बावजूद, राज्य के लोगों ने इस तरह के उकसावे का सफलतापूर्वक विरोध किया है। स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक अधिकार, जाति दंगे या धार्मिक दंगे नहीं हो रहे हैं क्योंकि कानून और व्यवस्था नियंत्रण में है और तमिलनाडु शांतिपूर्ण है। अगर कोई दंगा भड़काने की कोशिश भी करता है, तो तमिलनाडु के लोगों ने उसे नाकाम कर दिया है। आलोचकों को कड़ी फटकार लगाते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून व्यवस्था की गिरावट के बारे में राजनीति से प्रेरित दावों की निंदा की। मैं उन लोगों से कहना चाहता हूं जो राजनीतिक लाभ के लिए छिपे एजेंडे के साथ बोलते हैं कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है कि यह मणिपुर, कश्मीर या कुंभ मेला नहीं है, यहां मौतें हुई हैं। यह तमिलनाडु है, मत भूलिए। स्टालिन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को उजागर किया, बावजूद इसके कि उन्होंने कई कठिन बाधाओं का वर्णन किया। अपने प्रशासन पर पड़ने वाले दबाव का वर्णन करने के लिए एक ज्वलंत रूपक का उपयोग करते हुए उन्होंने कहा, ₹ऊपर सांपों, नीचे भेड़ियों, बाधाओं के रूप में दीवारों और कूदने से रोकने के लिए खाई के बीच फंसे एक आदमी की तरह, हमारे पास एक तरफ केंद्र सरकार है, दूसरी तरफ राज्यपाल, वित्तीय संकट और इन सबके बीच, ऐसी उपलब्धियां हासिल की गईं।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में शांति है, क्योंकि पुलिस विभाग मेरे अधीन है। जब राज्य में शांति होगी, तभी काम आगे बढ़ेगा, उद्योग फलेंगे-फूलेंगे, शिक्षा बढ़ेगी, महिलाएं और बच्चे आगे बढ़ेंगे, खेल विकसित होंगे, आयात-निर्यात बढ़ेगा, पर्यटन फलेगा-फूलेगा। तमिलनाडु में शांति का कारण मेरा पुलिस विभाग है।

# पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के फैसले पर भड़कीं महबूबा मुफ्ती, बताया अमानवीय



पीडीपी प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत से सभी पाकिस्तानी नागरिकों को निर्वासित करने के हालिया सरकारी निर्देश ने गंभीर मानवीय चिंताएँ पैदा की हैं, खास तौर पर जम्मू-कश्मीर में। प्रभावित होने वाली कई महिलाएँ हैं जो 30-40 साल पहले भारत आई थीं, भारतीय नागरिकों से शादी की, परिवार बनाए और लंबे समय से हमारे समाज का हिस्सा रही हैं।

एजेंसी


नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती ने केंद्र से उन पाकिस्तानी नागरिकों को निर्वासित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया, जिन्होंने भारतीयों से शादी की है और 30-40 साल से यहाँ रह रहे हैं। इस कदम से गंभीर मानवीय चिंताएँ पैदा होने पर जोर देते हुए मुफ़्ती ने कहा कि ज्यादातर प्रभावित महिलाएँ हैं जो लंबे समय से समाज का हिस्सा रही हैं। पीडीपी प्रमुख ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत से सभी पाकिस्तानी नागरिकों को निर्वासित करने के हालिया सरकारी निर्देश ने गंभीर मानवीय चिंताएँ पैदा की हैं, खास तौर पर जम्मू-कश्मीर में। प्रभावित होने वाली कई महिलाएँ हैं जो 30-40 साल पहले भारत आई थीं, भारतीय नागरिकों से शादी की, परिवार बनाए और लंबे समय से हमारे समाज का हिस्सा रही हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द कर दिए हैं, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, और उन्हें 29 अप्रैल तक वापस लौटने का निर्देश दिया है। आंकड़ों के अनुसार, अटारी सीमा से 680 से अधिक पाकिस्तानियों को वापस भेजा गया है। दयालु दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए, मुफ्ती ने कहा कि दशकों से भारत में शांतिपूर्वक रह रहे व्यक्तियों को निर्वासित करना अमानवीय होगा।

## सम्पादकीय

# इस्लाम को बदनाम करता पाकिस्तान, इस्लाम के उसूलों पर भी हमला

पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पाकिस्तान के नापाक इरादों को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है। इस हमले में आतंकियों ने लोगों की मजहबी पहचान पूछी और कलमा न सुना पाने वालों को निर्ममता से मौत के घाट उतार दिया। यह घटना भारत की एकजुटता को तोड़ने की साजिश थी लेकिन देश के लोग आतंक के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हो गए हैं। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकी हमले ने करीब एक दशक पहले केन्या के नैरोबी स्थित एक शापिंग माल में अल शबाब नामक आतंकी संगठन के हमले की याद ताजा करा दी। उस हमले में आतंकियों ने उन सबको मार दिया था, जो कलमा नहीं सुना पाए थे। पहलगाम में भी आतंकियों ने यही वहशीपन दिखाया।उन्होंने लोगों की मजहबी पहचान पूछी, कलमा सुनाने को कहा और कुछ लोगों के कपड़े भी उतरवाकर उनकी पहचान की पुष्टि की। खुद को हिंदू बताने अथवा कलमा न सुना पाने वालों को उन्होंने उनकी पत्नी और बच्चों के सामने निर्ममता से गोली मार दी। असम के एक हिंदू प्रोफेसर इसलिए बच गए, क्योंकि उन्होंने कलमा सुना दिया। आतंकियों ने खालिस जिहादी नैरेटिव कायम करने के मकसद से पहलगाम की आतंकी घटना को अंजाम दिया।पहलगाम की घटना को पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के उस हालिया भाषण से जोड़कर देखना चाहिए, जिसमें उन्होंने मुसलमानों को हिंदुओं से अलग बताया था। उन्होंने जिस तरह यह कहा कि हमारे सोच-विचार, आस्था, संस्कृति आदि सब अलग हैं, उससे उन्होंने हिंदुओं और भारत के प्रति अपनी घृणा का ही इजहार किया।उसी भाषण में उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की शहरग यानी गर्दन की नस बताया था। इस नफरती भाषण के एक सप्ताह के अंदर ही पहलगाम में आतंकी हमला हो गया। यह कोई दुर्योग नहीं हो सकता। इससे पाकिस्तान का नापाक चेहरा स्वतः उजागर हो जाता है। पहलगाम की आतंकी घटना इसलिए अंजाम दी गई, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में शांति से विधानसभा चुनाव हुए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में स्थितियां सामान्य हो रही थीं।इसी कारण वहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे। पिछले तीन वर्षों से वहां पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। इसका लाभ कश्मीरी लोगों को भी मिल रहा था। जाहिर है कि पाकिस्तान को यह रास नहीं आ रहा था। इस पर भी गौर किया जाए कि पाकिस्तानी सेना अपने देश की अंदरूनी समस्याओं से परेशान है और अलोकप्रिय हो रही है। इमरान खान समर्थक तो उसे गालियां देते हैं। उनके निशाने पर आसिम मुनीर हैं।हाल में बलूच लड़ाकों की ओर से पाकिस्तानी ट्रेन के अपहरण से पाकिस्तानी सेना की बड़ी फजीहत हुई।

## आज का विचार







**मेष राशि:** मेष राशि वालों के लिए अच्छा रहेगा. आप कोई पुराने विवाद से मुक्त हो सकते हैं, जिससे आपको बड़ी राहत मिलेगी. व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग बनेंगे. पत्नी और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंता मुक्त रहेंगे. परिवार में आपसी सामंजस्य बनेगा. किसी नए कार्य की शुरूआत कल आप कर सकते हैं.

**वृषभ राशि:** दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपका कोई पुराना रुका हुआ कार्य पूर्ण हो सकता है, जिसकी आप कई दिनों से प्रतीक्षा कर रहे हैं. कल किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात आपके जीवन में बड़ा परिवर्तन आएगा.

**मिथुन राशि:** दिन आपके लिए उतार चढ़ाव से भरा रहेगा. आपके मन में कई आशंकाओं का वास रहेगा. किसी को बड़ी धनराशि उधार के रूप में देना आपके लिए ठीक नहीं होगा. आपके मन में किसी नए कार्य की योजना बन सकती है. आर्थिक तौर से कल कुछ मुश्किलों का सामना आपको करना पड़ सकता है.

**कर्क राशि:** आप अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रह सकते हैं. मौसमी बीमारियों के चलते आपका स्वास्थ्य गिर सकता है. व्यापार-व्यवसाय में सहयोगी वर्ग आपका विरोध में आ सकता है, जिस कारण व्यापार क्षेत्र में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है.

**सिंह राशि:** आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं, जिसमें आपको सफलता प्राप्त होगी. आपको रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है. साथ ही कल सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आपको किसी विशेष पद से सम्मानित किया जा सकता है, जिससे समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा.

**कन्या राशि:** कुछ बातों को इग्नोर करना आपके लिए अच्छा रहेगा. नहीं तो आप बड़ी समस्या में उलझ सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय में बड़ा पैसा लगाने से पहले अच्छी तरह सोच विचार लें. किसी नए कार्य की शुरूआत न करें. साथ ही अपने पार्टनर से अपनी मन की बात शेयर न करें,

**तुला राशि:** का दिन आप कुछ परेशानियां के चलते परेशान नजर आएंगे. आपके सोचे हुए कार्यों में रुकावट उत्पन्न होगी. व्यापार-व्यवसाय में व्यर्थ के खर्च दिखाई देंगे.

**वृश्चिक राशि:** आप किसी अपने के स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे. माता पिता का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ सकता है. व्यापार-व्यवसाय में अपने पार्टनर का कल आपको सहयोग मिलेगा. कोई बड़ा काम कल आप शुरू कर सकते है.

**धनु राशि:** आप लंबी यात्रा आदि पर जाएं तो वाहन आदि का प्रयोग संभलकर करें, नहीं तो चोट आदि लग सकती है. कोई नया काम शुरू करें, तो सहयोगियों से जानकारी लें. वैसे व्यापार में बड़ा निवेश करना कल आपके लिए ठीक नहीं होगा. नया वाहन आदि खरीदने का मन बन सकता है.

**मकर राशि:** आप बाहर की यात्रा पर जा सकते हैं. वाहन आदि के चलाने में आप सावधानी बरतें. परिवार में किसी बात को लेकर आपको मतभेद का सामना करना पड़ सकता है. व्यापार मे पुराने साथियों से आपको धोखा मिल सकता है.

**कुंभ राशि:** दिन आपको वाणी पर नियंत्रण रखना होगा. वाद विवाद से आप दूर रहें. पारिवारिक जीवन में उतार चढ़ाव की स्थिति बनेगी। आप किसी कार्य के सिलसिले में किसी विशेष व्यक्ति से मिल सकते हैं, परंतु कार्य पूर्ण होने में संदेह है. पत्नी से संबंध मधुर होंगे.

**मीन राशि:** आप अपनी पर्सनल लाइफ में कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं, जिस कारण आपका परिवार और आप काफी प्रभावित होंगे. कल स्वास्थ्य को लेकर स्थिति सामान्य रहेगी. व्यापार-व्यवसाय में आप किसी बड़ी डील का हिस्सा बन सकते हैं, जिस कारण आय के स्रोत बढ़ेंगे. परिवार में आपसी विवाद खत्म होंगे. सामंजस की स्थिति नजर आएगी और पत्नी का पूर्ण सहयोग मिलेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# कायम रहे यह राजनीतिक सहमति, राजनीति देश के लिए होती है, देश की कीमत पर नहीं

> **बेशक पहलगाम में सुरक्षा चूक पर जवाब मांगने का राजनीतिक अधिकार विपक्ष को है क्योंकि चूक तो हुई ही है लेकिन सहमति के लिए संवाद और समन्वय की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। हमारे यहां बहुदलीय लोकतंत्र है। हर दल और नेता सत्ता के लिए ही राजनीति करता है पर यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि राजनीति देश के लिए होनी चाहिए देश की कीमत पर नहीं।**

पहलगाम आतंकी हमला पहला मौका है, जब विपक्ष किसी भी जवाबी कार्रवाई के लिए मोदी सरकार के साथ खड़ा दिख रहा है। उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक के सुबूत मांगने वाले विपक्ष के रुख में यह बड़ा बदलाव है। सबसे बड़े लोकतंत्र की राजनीति के लिए यह निश्चय ही सकारात्मक संकेत है। संसदीय लोकतंत्र में सरकार बहुमत से बनती है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों की भूमिकाएं महत्वपूर्ण रहती हैं। अपेक्षा की जाती है कि अपनी-अपनी राजनीतिक विचारधारा पर अडिग रहते हुए भी वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर सहमति के साथ आगे बढ़ें, ताकि देश चुनौतियों का सामना अच्छे से कर पाए। विधानमंडलों की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सत्तापक्ष की जिम्मेदारी ज्यादा मानी जाती है, पर सच यह है कि एक हाथ से ताली नहीं बजती। दलगत राजनीति से प्रेरित अवांछित टकराव के लिए किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। पिछली लोकसभा के आखिरी सत्रों तथा नई लोकसभा के अभी तक के सत्रों में विधायी कामकाज के आंकड़ों पर भले कुछ दावे किए जाएं, पर सच यही है कि बजट से लेकर अहम विधेयकों तक पर चर्चा राजनीतिक टकराव में फंसी रही। विपक्ष की हंगामे की आदत और सत्तापक्ष की असहनशीलता किस हद तक बढ़ गई है, पिछली लोकसभा में संसद के दोनों सदनों से रिकार्ड संख्या में सदस्यों का निलंबन इसका एक बड़ा प्रमाण है। विडंबना यह कि जब अनेक विपक्षी सदस्य निलंबन के



चलते सदन से बाहर थे, तभी व्यापक प्रभाव वाले कई विधेयक मिनटों में पारित हो गए।मोदी शासन के पहले मनमोहन सरकार के समय भी सत्तापक्ष और विपक्ष के रिश्तों एवं संसदीय विमर्श का स्तर आदर्श नहीं था। मनमोहन सरकार के समय घपले-घोटालों को लेकर संसद का अधिकांश समय तो हंगामे की भेंट ही चढ़ा। सत्तापक्ष और विपक्ष के बिगड़े रिश्ते संसदीय लोकतंत्र और देश हित में नहीं। हमारे नेता यह समझने के लिए तैयार हों कि राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन मनभेद के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।पिछले 10-11 साल में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच मनभेद राजनीतिक वैमनस्य में बदल गए हैं। सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे के नेतृत्व पर किए जाने वाले तीखे व्यक्तिगत कटाक्ष इसका प्रमाण हैं कि राजनीतिक विरोध अब निजी कटुता में तब्दील हो गया है। इस कटुता की शुरूआत गुजरात में मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में वहां हुए दंगों से हो गई थी।संप्रग सरकार के दौरान न सिर्फ मोदी और अमित शाह को इन दंगों के लिए दोषी बताते हुए उनके विरुद्ध कानूनी शिकंजा कसा गया, बल्कि मोदी को मौत का सौदागर तक कहा गया। ऐसी आपत्तिजनक शब्दावली का इस्तेमाल याद नहीं पड़ता। तब से शुरू हुई निजी खुन्नस का ही परिणाम रहा कि मोदी के निशाने पर सोनिया और राहुल आ गए। सोनिया को राजमाता तो राहुल गांधी को शहजादा कहकर कटाक्ष किया गया। मामला एकतरफा नहीं रहा। राहुल भी कभी चौकीदार चोर है का नारा उछालते रहे तो कभी नीरव मोदी के हवाले से मोदी सरनेम पर ही आक्षेप करते हुए अपने विरुद्ध मानहानि मुकदमे आमंत्रित करते रहे।भाजपा एवं कांग्रेस के रिश्तों में तल्खी अधिक दिखती है, पर अन्य विपक्षी दलों के साथ भी सत्तापक्ष के संबंध सौहार्दपूर्ण नहीं हैं। ईडी, सीबीआइ, आयकर जैसी केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग के खिलाफ विपक्ष ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया, पर निराशा ही हाथ लगी।ऐसा नहीं कि अतीत में सत्तापक्ष-विपक्ष में संबंध हमेशा सौहार्दपूर्ण रहे हैं, मगर ऐसी स्थिति शायद ही कभी दिखी हो। भारत के संसदीय इतिहास में तो मुखर नीतिगत मतभेदों के बावजूद देशहित में सहमति से राह निकालने तथा संकटकाल में सरकार की अप्रत्यक्ष मदद के उदाहरण भी मिलते हैं, पर वैसा तभी संभव है, जब एक-दूसरे को देशविरोधी मानने की मानसिकता से मुक्त हों और परस्पर कटुता के बजाय सम्मान का भाव हो।अलग-अलग दलों से होने तथा कई मुद्दों पर नीतिगत मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरसिंह राव, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने परस्पर सम्मान भाव वाले रिश्तों से संवाद तथा समन्वय की जो मिसाल पेश की, वह दलगत राजनीति में मार्गदर्शक बन सकती है। पिछले एक दशक का राजनीतिक परिदृश्य उससे एकदम उलट नजर आता है।पाकिस्तान और चीन से जटिल रिश्तों से लेकर कोविड और ट्रंप के टैरिफ युद्ध तक हर मोर्चे की चुनौती के लिए विपक्ष सरकार को ही खलनायक बताता है, जबकि ऐसे मामलों में परस्पर विचार-विमर्श से नीति-रणनीति बनाने की जरूरत है। मोदी के प्रधानमंत्रित्वकाल में लाए गए शायद ही किसी विधेयक का विपक्ष ने समर्थन किया हो। विपक्ष ने हर कानून को जन विरोधी बताया और उनके पारित होते ही सुप्रीम कोर्ट दौड़ा।क्या कोई भी विधेयक जनहित में नहीं थे? इस तल्ख राजनीतिक टकराव के लंबे सिलसिले के मद्देनजर पहलगाम मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष को एक सुर में बोलते सुनना सुखद आश्चर्य ही रहा, पर आवश्यकता इस अपवाद को देशहित में परंपरा बनाने की और राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति से काम करने की है।इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है, जिन भी दलों के नेता पहलगाम की घटना पर अनर्गल बयान दे रहे हैं और जिसके चलते सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति छीज रही है, उन पर लगाम लगे। टीवी चैनलों की बहस में सभी दलों के प्रवक्ता भी पहलगाम पर बनी राजनीतिक सहमति को बनाए रखने के लिए तत्पर दिखें। वे फिर से एक-दूसरे पर हमले करने में लग गए हैं।बेशक पहलगाम में सुरक्षा चूक पर जवाब मांगने का राजनीतिक अधिकार विपक्ष को है, क्योंकि चूक तो हुई ही है, लेकिन सहमति के लिए संवाद और समन्वय की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। हमारे यहां बहुदलीय लोकतंत्र है। हर दल और नेता सत्ता के लिए ही राजनीति करता है, पर यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि राजनीति देश के लिए होनी चाहिए, देश की कीमत पर नहीं।

# न्याय की मजबूत बुनियाद से ही सशक्त लोकतंत्र

**विजय गर्ग**



किसी भी शासन-तंत्र का सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है। यदि समाज में न्याय ही सुनिश्चित न हो, तो लोकतंत्र, संविधान, और विकास के सारे दावे खोखले प्रतीत होते हैं। भारत न्याय रिपोर्ट 2025 ने देश की न्यायिक व्यवस्था की जो तस्वीर पेश की है, वह चौंकाने वाली है। यह रिपोर्ट चार स्तंभों, पुलिस, जेल, न्यायपालिका और कानूनी सहायता के प्रदर्शन के आधार पर राज्यों का आकलन करती है। रिपोर्ट बताती है कि आम भारतीय नागरिक को न्याय पाने के लिए आज भी लंबी, कठिन और कई बार अपमानजनक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

देश में मानवाधिकारों की स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। यह केवल अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों का कथन नहीं, बल्कि आंकड़ों से पुष्ट सच्चाई है। जेलों की हालत इतनी दयनीय है कि कई राज्यों की जेलों में 150 प्रतिशत से भी अधिक की कैदियों की भीड़ है। इनमें से अधिकतर कैदी विचाराधीन हैं, यानी उन्हें किसी अदालत ने दोषी सिद्ध नहीं किया, फिर भी वे वर्षों से कारावास में हैं। यह स्थिति केवल कानून की विफलता नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 21 में जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का भी उल्लंघन है।

पुलिस, जो न्याय प्रक्रिया की पहली कड़ी होती है, वह खुद जवाबदेही और पारदर्शिता के संकट से जूझ रही है। रिपोर्ट बताती है कि कई राज्यों में पुलिस बल के 25-30 प्रतिशत तक पद खाली हैं। प्रशिक्षण की कमी, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव और अत्यधिक कार्यभार के चलते पुलिसकर्मी थके हुए। वे कभी-कभी हिंसक व्यवहार करने लगते हैं। अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों के प्रति पुलिस का रवैया अब भी कठोर और कई बार पक्षपातपूर्ण पाया गया है।

जेलों में कैदियों की भीड़ और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के कारण जेलें सुधार गृह नहीं, बल्कि मानवाधिकार हनन के केंद्र बन गई हैं। मानसिक रूप से बीमार कैदी, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक पीड़ित हैं। मनोरोग विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं की अनुपस्थिति, अत्यधिक गर्मी-सर्दी में राहत की व्यवस्था का अभाव और कानूनी सलाह की पहुंच न होना, इस स्थिति को और भी गंभीर बना देता है।

न्यायपालिका की स्थिति भी बेहतर नहीं कही जा सकती। करोड़ों मुकदमे अदालतों में लंबित हैं। रिपोर्ट बताती है कि उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों में जजों के लगभग 30 प्रतिशत पद रिक्त हैं। एक सामान्य नागरिक को अपना मुकदमा निपटाने में 10-15 वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है। ह्यविलंबित न्याय, अन्याय होता हैह्न यह कहावत अब भारत में कड़वी सच्चाई बन गई है। ई-कोर्ट्स और तकनीक आधारित समाधान का प्रसार अभी तक केवल कुछ मेट्रो शहरों तक सीमित है, जबकि दूरदराज के क्षेत्रों में लोग आज भी कागज और रजिस्टरों पर आधारित व्यवस्था से जूझ रहे हैं।

यदि सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले राज्यों की बात की जाए, तो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ का नाम विशेष रूप से सामने आता है। उत्तर प्रदेश में जेलों की अत्यधिक भीड़, पुलिस पर जवाबदेही की कमी, हिरासत में मौतें और लाखों लंबित मामले न्याय व्यवस्था की विसंगति को उजागर करते हैं। बिहार में प्रति लाख जनसंख्या पर जजों की संख्या सबसे कम है और कानूनी सहायता लगभग अनुपस्थित है। झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में आदिवासी क्षेत्रों में फर्जी गिरफ्तारियां, पुलिस हिंसा और जेलों में वर्षों तक विचाराधीन कैदियों की उपस्थिति एक गंभीर सवाल खड़ा करती है।इनके विपरीत, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जिन्होंने न्यायिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास किए हैं। केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है। इन राज्यों में पुलिस बल अपेक्षाकृत प्रशिक्षित और बहुभाषायी हैं, जजों की नियुक्ति समय पर होती है, कानूनी सहायता का ढांचा सक्रिय है और जेलों में भीड़ नियंत्रण में है। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो न्याय व्यवस्था को सुधारा जा सकता है। उत्तराखंड जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्य को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि यहां भी न्यायिक ढांचे में कई कमियां हैं। पुलिस बल में 20 प्रतिशत रिक्तियां हैं, महिला पुलिस की भागीदारी बेहद कम है और जेलों में 120 प्रतिशत से अधिक कैदियों की भीड़ है। उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों में जजों के लगभग 30 प्रतिशत पद रिक्त हैं। सीमांत और पर्वतीय जिलों जैसे चमोली, पिथौरागढ़ और उत्तरकाशी में न तो प्रभावी कानूनी सहायता है और न ही नियमित न्यायिक सेवाएं।यह रिपोर्ट महज आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि एक चेतावनी है। यह हमें स्मरण कराती है कि यदि न्याय की नींव कमजोर होगी, तो लोकतंत्र की इमारत कभी टिक नहीं सकती। केवल चुनाव, योजनाएं और विकास के आंकड़े पर्याप्त नहीं, जब तक कि समाज का हर वर्ग न्याय तक सहज, सुरक्षित और सुलभ पहुंच न पाए।

# आतंकवादियों को जड़ से नेस्त नाबूद करना ही एकमात्र विकल्प

**संजीव ठाकुर**

आज जब पहलगाम में आतंकवादियों ने और उनके आकाओं ने मिलकर भारतीय नागरिकों का एवं भारत सरकार का मनोबल एवं संयम तोड़ने की कोशिश की है एवं 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत की आर्थिक रेखा और जम्मू कश्मीर के निवासियों की रोजी-रोटी छीनने का बड़ा ही घृणित कृत्य किया है। बदला निश्चित तौर पर लिया जाना चाहिए और और ऐसा बदला लिया जाना चाहिए कि आने वाली सात पुस्तें भी आतंकवाद की तरफ ना मुड़ के देख सकें। ऐसे में स्वाभाविक है कि देश के हर नागरिक के खून में उबाल आकर बदला लेने की इच्छा बलवती हो जाती है एवं देश का शीर्ष नेतृत्व भी आक्रोश में आकर बड़ा निर्णय लेकर आतंकवादियों के ठिकानों और उनके नेपथ्य में सहयोगियों को सबक सिखाने की सोचन रही हैं। ऐसी ही विषम परिस्थितियों में हमें अपने आप पर नियंत्रण रखना होता है एवं दिमाग को एकदम शांत रख बड़े निर्णय लेने की आवश्यकता है। भारत सरकार को बड़े ही ठंडे दिमाग से पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान से इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण नीति बनानी होगी और उसको समूल नष्ट कर आतंकवाद का स्थाई निराकरण किया जाना चाहिए तब ही जाकर भारत अपने नागरिकों की हत्या का बदला पूरा कर सकता है। हम सबको जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा तब सोची गई सफलता हमारे सामने होगीह्न

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में हमें अपने मनोबल को सदैव विनम्रता, संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंह्न संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं।इनसे जूझ कर जो देश आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी देश होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।समाज को कभी भी किसी भी परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। हर समाज को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के।

# कांग्रेसी नेताओं को पाकिस्तान भेज दो..., पहलगाम हमले पर कांग्रेस नेताओं के बयानों को लेकर भड़के संजय निरुपम

- पहलगाम आतंकी हमले मे पर बोले संजय निरुपम
- निरुपम ने कांग्रेस नेताओ पर साधा कड़ा निशाना
- कहा, जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं कांग्रेस नेता



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शिवसेना उपनेता और प्रवक्ता संजय निरुपम ने कांग्रेस पर आरोपों की बरसात करते हुए मांग की है कि कांग्रेस का नाम बदलकर पाकिस्तान नेशनल कांग्रेस करना चाहिए। मुस्लिम वोटों के लिए कांग्रेस वाले भारत विरोधी भूमिका अख्तियार कर रहे हैं इसलिए पाकिस्तान नागरिकों के साथ कांग्रेस नेताओं को भी पाकिस्तान भेज देना चाहिए। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए निरुपम ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले में जिंदा बचने वाले भारतीयों पर शक जताने वाले और शर्मनाक बयानबाजी करने वाले देशविरोधी कांग्रेस नेता बेनकाब हो गए हैं ।कांग्रेस नेता छिड़क रहे नमकनिरुपम ने कहा कि भारतीय नागरिकों के मन में पहलगाम हमले का बदला लेने की भावना है, परंतु कांग्रेस के नेता असंवेदनशील बयानबाजी कर पहलगाम हमले के पीड़ितों के जख्म पर नमक छिड़क रहे हैं। निरुपम ने आगे कहा कि सर्वदलीय नेताओं की बैठक में कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तान के विरोध में सरकार की भूमिका को पूरा समर्थन दिया था। परंतु कांग्रेस के विभिन्न राज्यों के नेता पहलगाम हमले पर राजनीति कर रहे हैं। आतंकवादियों का समर्थन करने वाला शर्मनाक बयान कांग्रेस नेता लगातार दे रहे हैं ।निरुपम ने कहा कि कांग्रेस के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने पर्यटकों की पहचान कर, धर्म पूछकर गोलीबारी किये जाने की घटना पर कहा कि भारत में मुस्लिमों को नमाज पढ़ने नहीं दिया जाता है।

# पहलगाम हमला: मृतकों के परिवार को 50-50 लाख रुपये, फडणवीस बोले- जगदाले की बेटी को देंगे जॉब

- सरकार पीड़ित परिवारों को देगी 50 लाख की मदद
- पुणे के मृतक संतोष जगदाले की बेटी को मिलेगी नौकरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

## महाराष्ट्र सरकार का पहलगाम हमले पर बड़ा फैसला



मुंबईः पहलगाम आतंकी में मारे गए लोगों के परिवारों को महाराष्ट्र सरकार 50-50 लाख रुपये की आर्थिक मदद देगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट की बैठक में सभी मृतकों को श्रद्धांजलि भी दी गई ।मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के बच्चों की शिक्षा और रोजगार पर ध्यान देगी। फडणवीस ने स्पष्ट किया। उन मृतकों के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारियों को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है ।जिनके परिवारों को रोजगार संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### जगदाले की बेटी को जॉब

फडणवीस ने अपने विशेषाधिकार के तहत संतोष जगदाले की बेटी को नौकरी देने का ऐलान किया है। फडणवीस के इस ऐलान से पहले बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा था कि असावरी जगदाले को महाराष्ट्र दिवस 1 मई को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाए। उन्हें राज्य द्वारा सरकारी नौकरी दी जाए। सीएम फडणवीस ने कहा कि सरकार ने उन्हें नुकसान से उबरने और उनके जीवन को फिर से बनाने में मदद करने का वादा किया है। संतोष जगदाले को आतंकियों ने उनकी बेटी की आंखों के सामने गोली मारी थी। बेटी ने पिता की अंतिम विदाई में खून से सने कपड़े पहने थे। इसके साथ पिता मुखाग्नि दी थी ।परिवारों से मिले थे फडणवीस

जम्मू और कश्मीर में हुए पहलगाम हमले में पुणे के निवासी संतोष जगदाले सहित 26 लोगों की मौत हो गई। इस दुखद घटना ने जगदाले परिवार को तबाह कर दिया है, क्योंकि कमाने वाले के चले जाने से उनकी आजीविका को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने हाल ही में जगदाले और कौस्तुभ गणबोटे के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और इस कठिन समय में अपनी संवेदनाएं और समर्थन व्यक्त किया। इस आतंकी हमले में महाराष्ट्र के छह लोगों की मौत हुई है। हमले के बाद वहां फंसे पर्यटकों को लेने के लिए सरकार के मंत्री गिरीश महाजन और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वहां पहुंचे थे।

फास्ट ट्रैक

# UPSC क्रैक किया, IAS बनेगी बेटी, खुशी मना रहे पिता की हार्ट अटैक से मौत

- गांव में मिठाई बांट रहे थे पिता, लोग दे रहे थे बधाइयां
- प्रल्हाद खंडारे को गांव में सम्मानित व्यक्ति माना जाता था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे : यवतमाल जिले के महागांव तालुका के वागड़ (इजारा) गांव में खुशी का माहौल था। मिठाइयां बांटी जा रही थीं। लोग खंडारे परिवार को बधाइयां दे रहे थे। अचानक यह खुशी का माहौल गम में बदल गया। बेटी की यूपीएससी परीक्षा में सफलता का जश्न मना रहे पिता को दिल का दौरा पड़ गया और उनकी मौत हो गई। यह दुखद घटना प्रल्हाद खंडारे के परिवार के लिए गहरा सदमा बन गई ।प्रल्हाद खंडारे पुसद पंचायत समिति के सेवानिवृत्त विस्तार अधिकारी थे। उनकी बेटी मोहिनी यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। वह बेटी को अफसर बना देखना चाहते थे। बेटी का रिजल्ट आया। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में बेहतरीन रैंक हासिल करने की खुशी में वह फूले नहीं समा रहे थे। पूरे गांव में जश्न जैसा माहौल था और खंडारे परिवार को बधाइयां मिल रही थीं ।अचानक गिरेइसी बीच, जश्न के दौरान अचानक प्रल्हाद खंडारे की तबीयत बिगड़ गई। दिल का दौरा पड़ने से वे वहीं गिर पड़े। उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटी मोहिनी ने कड़ी मेहनत और समर्पण से यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पाई थी, जो परिवार के लिए गर्व का क्षण था, लेकिन इस अनहोनी ने खुशियों को मातम में बदल दिया ।गांव में थे लोकप्रियगांववासियों ने भी इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया और प्रल्हाद खंडारे परिवार को सांत्वना दी। प्रल्हाद खंडारे गांव में एक सम्मानित व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे और उनकी सामाजिक सक्रियता के कारण वे सभी के प्रिय थे ।शक्ति दुबे का देश में पहला स्थानबता दें कि यूपीएससी ने 22 अप्रैल को सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2024 के परिणाम घोषित किया था। परीक्षा में प्रयागराज की शक्ति दुबे ने प्रथम स्थान हासिल किया था। वहीं, हर्षिता गोयल ने दूसरा, डोंगरे अर्चित पराग ने तीसरा, शाह मार्गी चिराग ने चौथा, आकाश गर्ग ने पांचवां, कोमल पुनिया ने छठा और आयुषी बंसल ने सातवां स्थान हासिल किया था ।सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 16 जून, 2024 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार परीक्षा में उपस्थित हुए थे। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा में उपस्थित होने के लिए योग्य हुए, जो सितंबर, 2024 में आयोजित की गई थी। इनमें से 2,845 उम्मीदवार परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के लिए चुने गए। अंततः, कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिलाएं) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया।

## म्हाडा मुंबई बोर्ड के 5 हजार घरों की लॉटरी अक्टूबर में, मई में BBD रीडेवलपमेंट प्रॉजेक्ट वाले फ्लैट, गुड न्यूज

मुंबई : मुंबई में अपना घर होने का सपना देखने वालों के लिए अच्छी खबर है। महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) का मुंबई बोर्ड इसी साल अक्टूबर में 5 हजार घरों की लॉटरी जारी करेगा। म्हाडा के उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल ने सोमवार को इसकी घोषणा की। साथ ही उन्होंने बीडीडी रीडेवलपमेंट प्रॉजेक्ट के तहत तैयार घरों की चाभी भी मई में स्थानीय नागरिकों को देने को घोषणा की है। उपाध्यक्ष ने दिवाली के पहले लोगों को 5 हजार घरों का तोहफा देने ऐलान कर दिया है ।यह घर मुंबई में कहां होंगे, कितनी कीमत होगी

# अंग्रेजों ने लूटी थी मराठा सेना के योद्धा रघुजी भोसले की तलवार, महाराष्ट्र ने नीलामी में खरीदी गौरवशाली धरोहर

- महाराष्ट्र सरकार ने 350 सालों बाद छत्रपति शिवाजी के बाघ नख की भारत में वापसी कराने के बाद अब मराठा साम्राज्य से जुड़ी राजे रघुजी भोसले की ऐतिहासिक तलवार को हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री फडणवीस के अनुसार यह तलवार अब जल्द ही भारत में आ जाएगी।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मराठा साम्राज्य के विस्तार में आमूल्य योगदान देने वाले राजे रघुजी भोसले की तलवार को नीलामी में खरीद लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को मराठा साम्राज्य की यह धरोहर फिर से वापस मिलने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि नागपुर के भोसले परिवार के संस्थापक लंदन में नीलाम हुई ऐतिहासिक तलवार राज्य सरकार ने खरीद ली है। फडणवीस ने लिखा है कि हमारे मराठा साम्राज्य की मूल और ऐतिहासिक धरोहर अब महाराष्ट्र में आएगी। पिछले साल जुलाई में 350 सालों बाद छत्रपति शिवाजी महराज के बाघ नख को भारत वापस आए थे। नागपूरच्या भोसले घराण्याचे संस्थापक राजे रघुजी भोसले यांची लंडनमध्ये लिलावात निघालेली ऐतिहासिक तलवार ही राज्य सरकारने खरेदी केली आहे, हे सांगताना मला आनंद होतो. त्यामुळे आपल्या मराठा साम्राज्यातील एक मौलिक आणि ऐतिहासिक ठेव आता महाराष्ट्रात येणार आहे.कौन थे रघुजी भोसले ?फडणवीस ने लिखा कि छत्रपति शाहू महाराज के समय में रघुजी भोसले मराठा सेना में एक महत्वपूर्ण नेता थे। अपनी युद्ध नीति और शौर्य से प्रसन्न होकर छत्रपति शाहू महाराज ने उन्हें 'सेनासाहेबसुभा' की उपाधि दी थी। रघुजी भोसले ने मराठा साम्राज्य का बंगाल, ओडिशा तक विस्तार किया था, 1745 में बंगाल के नवाबों के खिलाफ युद्ध अभियान चलाया था। दक्षिण भारत में भी उन्होंने अपना सैन्य और राजनीतिक दबदबा बना लिया था।47.15 लाख में नीलामीफडणवीस ने कहा कि हमारे सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार, अपर मुख्य सचिव सांस्कृतिक कार्य विभाग एवं मेरे अपने कार्यालय में कार्यरत विकास खरगे ने इस काम को गंभीरता से लेकर पूरा किया है। इसमें कुछ तकनीकी समस्याएं थीं, इसलिए इसे हस्तक्षेप के माध्यम से खरीदा गया था। राज्य सरकार इसके लिए 47.15 लाख रुपये देने जा रही है ।मराठा शैली की तलवारये तलवार मराठा शैली की तलवार का एक बेहतरीन उदाहरण है। एक धार वाला पत्ता, सोने की नक्काशी उस तलवार की विशेषता है। यूरोपीय नकली पत्ते उन दिनों मशहूर थे। इस पत्ते के पीछे सोने के जल से लिखा है 'श्रीमंत राघोजी भोसले सेनासाहेबसुभा'. 1817 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने नागपुर में भोसले के खजाने को लूटा।

# मुंबई में बीएमसी चुनावों से पहले उद्धव ठाकरे को तगड़ा झटका, पूर्व मेयर दत्ता दलवी एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल

- महाराष्ट्र में मुंबई के पूर्व दत्ता दलवी ने छोड़ी पार्टी
- उद्धव ठाकरे की यूबीटी से शिवसेना में हुए शामिल
- डिप्टी सीएम शिंदे ने बिना नाम लिए किया बड़ा प्रहार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में मुंबई बीएमसी के चुनावों से पहले एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने उद्धव ठाकरे को बहुत बड़ा झटका दिया है। सोमवार को मुंबई के पूर्व महापौर और उभाठा के उपनेता दत्ता दलवी सैकड़ों कार्यकताओं के साथ उपमुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हुए। इस मौके पर शिवसेना प्रमुख और डिप्टी सीएम शिंदे ने बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के बाद मुंबई की सड़कों की सफाई करने वाली पहली पार्टी महायुति थी, लेकिन उससे पहले कुछ लोगों ने मुंबई के खजाने की सफाई कर दी थी। शिंदे ने नाम लिए बगैर ही उद्धव ठाकरे पर हमला बोला। बीएसमसी चुनाव अक्तूबर में होने की उम्मीद जताई जा रही है। दत्ता दलवी 2005 से 2007 तक मुंबई के मेयर रह चुके हैं। वह लगातार तीन बार पार्षद चुने जा चुके हैं ।पहलगाम आतंकी हमले के बाद ओवैसी और एकनाथ शिंदे ने ऐसा क्या किया जिसकी खूब हो रही चर्चा ?50 नगर सेवक छोड़ चुके साथडिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि कुछ लोग मुंबई महानगरपालिका को अपनी जागीर समझते हैं, हालांकि, महागठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद, मुंबई में रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू किया गया। सरकार मुंबईवासियों को अच्छे आवास और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। अब तक उभाठा से 45 से 50 नगरसेवक अपनी मूल शिवसेना में वापस लौट चुके हैं। मुंबई महानगरपालिका में विभिन्न दलों के लगभग 70 मौजूदा नगरसेवक शिवसेना में शामिल हो गए हैं। इसलिए उपमुख्यमंत्री शिंदे ने विश्वास जताया कि भगवा गठबंधन मुंबई नगर निगम पर भी अपना प्रभाव फैलाएगा ।80 में 60 सीटें जीतीं: शिंदेडिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि विधान सभा में हमने 80 सीटों पर चुनाव लड़ा और 60 पर जीत हासिल की, जबकि उबाथा ने 100 सीटों पर चुनाव लड़ा और केवल 20 सीटें जीतीं। लोगों ने पुष्टि कर दी है कि असली शिवसेना कौन है। शिंदे ने कहा कि अब स्थानीय निकाय के चुनावों में महायुति का भगवा ध्वज फहराया जाना चाहिए। लोग क्यों छोड़ते हैं, इस पर आत्मचिंतन करने के बजाय, उन पर आरोप लगाया जाता है। शिंदे ने कहा कि आप उन्हें कचरा कहते हैं, लेकिन एक व्यक्ति सही और लाखों लोग गलत कैसे

# पश्चिम रेलवे पर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 25 अप्रैल, 2025 को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे, प्रधान कार्यालय की ई-पत्रिका ई-राजहंस के 59वें अंक का विमोचन महाप्रबंधक महोदय के कर-कमलों से किया गया ।इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवि माखनलाल चतुर्वेदी जी की जयंती भी मनाई गई। उनके जीवन के संक्षिप्त परिचय से सदस्यों को अवगत कराया गया और उनकी एक प्रसिद्ध कविता पुष्प की अभिलाषा के एक अंश का गायन द्वारा प्रस्तुतीकरण भी किया गया। राजभाषा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री मिश्र ने हाल ही में लोअर परेल कारखाना के संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए सफलतम राजभाषा निरीक्षण के लिए बधाई दी और कहा कि संसदीय राजभाषा समिति के राजभाषा निरीक्षण को बड़ी गंभीरता से लिया जाए। व्यक्तिशः आदेश वर्ष के प्रारंभ में अवश्य जारी किए जाएं, पुस्तकालयों का रखरखाव अच्छी तरह से किया जाए और पुस्तकों के लिए आबंटित बजट से पुस्तकें अवश्य खरीदी जाएं। सामान्य पत्रों का एक टेम्पलेट बनाकर रखा जाए जिससे राजभाषा का कार्य बढ़ेगा। नाम पट्ट, सूचना पट्ट आदि को नियमानुसार द्विभाषी तैयार किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम रेलवे की अन्य उपलब्धियां गिनाईं और बिजली एवं चिकित्सा के क्षेत्र में रेलवे बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले शील्ड के बारे में बताते हुए कहा कि यह काफी गर्व की बात है। बैठक के प्रारंभ में पश्चिम रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रंजन श्रीवास्तव ने समिति के अध्यक्ष एवं पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक, सभी विभागों के प्रमुखों, सभी अपर मंडल रेल प्रबंधक, सभी मुख्य कारखाना प्रबंधक और अन्य अधिकारियों का स्वागत करते हुए श्री माखनलाल चतुर्वेदी जी की देशप्रेम से प्रेरित लिखी गई पंक्तियां- एक तुम हो, धरा पर दो चरण हैं: एक तुम हो, तुझे सौगंध है घनश्याम की .... का वाचन किया। उन्होंने रतलाम मंडल को रेलवे बोर्ड द्वारा आदर्श मंडल एवं रतलाम मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं महाप्रबंधक राजभाषा शील्ड प्राप्त करने हेतु बधाई दी। उन्होंने पुस्तकों और पुस्तकालयों के महत्त्व के संबंध में कहा कि संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पुस्तकों के महत्त्व को उजागर करना और साहित्य को बढ़ावा देना है। बैठक में अधिकारियों के लिए एक राजभाषा प्रश्न-मंच का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। पश्चिम रेलवे में जनवरी से मार्च-2025 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में हुई प्रगति संबंधी आंकड़े समिति की सदस्य सचिव डॉ. रोशनी खुबचंदानी द्वारा प्रस्तुत किए गए। पश्चिम रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की इस बैठक में पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री विनीत गुप्ता, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री कुलदीप कुमार जैन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सड़क संरक्षा परियोजनाएं) श्री अमित कुमार मनुवाल, प्रमुख वित्त सलाहकार श्रीमती शालिनी दरबारी, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री विद्याधर अविनाश मालेगांवकर, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्रीमती मंजुला सक्सेना, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक, उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्री उज्ज्वल देव, सचिव/पश्चिम रेलवे श्री सचिन अशोक शर्मा सहित सभी मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं सभी कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक आदि अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# ओवैसी ने पहलगाम अटैक पर पाकिस्तान को लगाई लताड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे देश को पाकिस्तान पर सख्त कार्रवाई का इंतजार है। इसके लिए पूरा देश पीएम मोदी की अगुवाई वाल केंद्र सरकार के साथ खड़ा है लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिन अकटकट चीफ असदुद्दीन ओवैसी और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने अपने फैसलों से सभी का ध्यान खींचा है। ओवैसी ने न सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है बल्कि कड़े शब्दों में पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का काम किया है। महाराष्ट्र में एक सभा को संबोधित करने ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान घड़ी के टाइम टेबल में न सिर्फ आधे घंटे पीछे हैं


**मध्य रेल**
**सोलापुर मंडल**
**ई-निविदा सुचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/2/R2 कार्य का नाम:-** सोलापुर डिवीजन के एलएचबी प्रकार के एसी कोचों पर छत पर लगे विभिन्न मेक के एसी पैकेज यूनिट का वार्षिक रखरखाव अनुबंध दो वर्ष की अवधि के लिए (पुनः निमंत्रण) । **कार्य की लागत** रु. 2,17,65,593.59 **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 90 **दिन बयाना राशि:** रू 2,58,800.00/- **कार्य पुरा करने की अवधि** 24 माह. **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 23/05/2025 को 15.00 बजे।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
मध्य रेल, सोलापुर,
APEX-58

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है



**पश्चिम रेलवे**
**दिव्यांगजन हेतु संकेत भाषा के वीडियो का प्रावधान**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ), 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा क्र. : एसजी 623/1757/डब्ल्यूए, दि. 22.04.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : मुंबई मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर दिव्यांगजन हेतु संकेत भाषा के वीडियो का प्रावधान. **कार्य की लागत** : रु. 2,25,55,715.80. **बोली सुरक्षा** : रु. 2,62,800/–. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करना बंद होने की तिथि एवं समय** : 22.05.2025 को 15.00 बजे तक. **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 22.05.2025 को 15.30 बजे. निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है. 0090

Like us on: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**
**स्टील गर्डर्स की पेंटिंग**

डि. सीई (ब्रिज–लाइन) – दादर, पश्चिम रेलवे, द्वारा **ई-निविदा क्र. : डिवाईसीई-बीआर-डीडीआर-2025-08** आमंत्रित की जाती हैं. **कार्य का नाम** : मुंबई सेंट्रल मंडल में एसएसई (बी) नंदूरबार अंतर्गत उधना – जलगांव अनुभाग में रोड ओवर ब्रिज – दोंडाईचा, रोड ओवर ब्रिज–नंदूरबार–1, रोड ओवर ब्रिज– नवापूर, रोड ओवर ब्रिज–व्यारा के प्रीस्ट्रेस्ड कांक्रीट गर्डर्स की पुरानी कांक्रीट सतह की ईपोक्सी कोटिंग और ब्रिज क्र. 76 डाउन, 94 डाउन, 98 डाउन, 110 अप/डाउन, 112 डाउन, 131 डाउन, 134 डाउन, 374 अप (एस–1 से 5), रोड ओवर ब्रिज– दिंडोली, रोड ओवर ब्रिज – व्यारा, रोड ओवर ब्रिज–नवापूर, रोड ओवर ब्रिज – नरदाणा, रोड ओवर ब्रिज–अमलनेर, रोड ओवर ब्रिज–धरणगांव के स्टील गर्डर्स की पेंटिंग. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 87,08,176.26. **ईएमडी** : रु. 1,74,200/–. **ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय तथा ई-निविदा का खुलना** : ऑनलाइन निविदा **26.05.2025 को 15.00 बजे से पूर्व जमा करनी होगी और इसे उसी दिन- 26.05.2025 को 15.30 बजे खोला जाएगा. वेबसाइट विवरण और स्थान हेतु सूचना जहां सम्पूर्ण विवरण इत्यादि देखे जा सकते हैं : वेबसाइट @ www.ireps.gov.in** 0093

Like us on: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा सूचना**
**सं. ईएल/50/एनआईटी/39 (2025-26)**
**दिनांक: 25.04.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है। **(1) निविदा संख्या:** ईएल/50/252R/2025–26 **कार्य का नाम:** कोटा मंडल– शेष 12 नंबर एस्कालेटर्स का 05 स्टेशनों (SWM-5, BTE-1, GGC-1, HAN-2, RMA-3) के 12 मीटर विस्तृत केंद्रीय FOB पर दिव्यांगजनों सहित यात्रियों के लिए ABSS के तहत प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 13,19,07,756.51/– **बयाना राशि:** ₹ 8,09,500/– **कार्य समाप्ति अवधि:** 18 माह **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 19.05.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई–टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
कृते वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008

कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-PnU-25-2 | 13.05.2025 को 13.00.00 बजे |

| अ.क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **PnU-BCT-ST-WRL-44-22-1** (Pay and Use - Lounges/Waiting / Retiring/Cloak Rooms) | 05 (पांच) वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल के सूरत (एसटी) स्टेशन पर क्लोक रूम सर्विसेस का नवीनीकरण, प्रबंधन, अनुरक्षण, संचालन तथा मैनिंग. | 1826 | 13-05-25 13:30:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-6 | 13.05.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ.क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **MSS-BCT-MMCT-PrKiosk-47-24-1** (Misc-Static-Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्ष की अवधि हेतु चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन्स) तक स्टेशनों/स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापनों के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 13-05-25 14:30:00 |
| 2 | **MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1** (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 13-05-25 14:40:00 |
| 3 | **MSS-BCT-DDR-STGen-57-25-1** (Misc-Static-Services-Static General) | दादर स्टेशन पर डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 13-05-25 14:50:00 |
| 4 | **MSS-BCT-MMCT-STGen-60-25-1** (Misc-Static-Services-Static General) | मुंबई सेंट्रल (एमएमसीटी) स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 13-05-25 15:00:00 |
| 5 | **MSS-BCT-BVI-STGen-59-25-1** (Misc-Static-Services-Static General) | बोरीवली स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 13-05-25 15:10:00 |
| 6 | **MSS-BCT-ADH-STGen-58-25-1** (Misc-Static-Services-Static General) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 13-05-25 15:20:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-8 | 13.05.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ.क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ADVT-BCT-GTR-OSN-157-23-2** (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | तीन वर्षों की अवधि हेतु ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 13-05-25 15:30:00 |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

0092

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

# मुहम्मद रफी अंसारी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , भिवंडी की प्रसिद्ध शैक्षिक एवं साहित्यिक संस्था 'हम नशीं' द्वारा शनिवार 26 अप्रैल 2025 को अंसारी साफिया गर्ल्स हाई स्कूल प्रांगण में शिक्षकों के लिए एक साहित्यिक कुइज का आयोजन किया गया। इस भव्य समारोह में, प्रसिद्ध शायर एवं लेखक मुहम्मद रफी अंसारी को उनकी शैक्षिक, साहित्यिक,सामाजिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान एवं सेवाओं के लिए समारोह के अध्यक्ष डॉ शेख अब्दुल्ला (उपाध्यक्ष, अंजुमन-ए-इस्लाम, मुंबई) प्रसिद्ध कवि इरफान जाफरी,स्टैंड-अप कॉमेडियन रहमान खान, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।गौरतलब है कि उपहारों के साथ-साथ उक्त अवसर पर एक प्रशंसा पत्र भी भेंट किया गया, जिसे संस्था की ओर से रफी सर के शिष्य शमीम इकबाल मोमिन (प्रवक्ता रईस जूनियर कॉलेज) ने लिखा है।इस खुशी के अवसर पर रईस हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज के चेयरमैन इंजीनियर यासर तातली, प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी, उप प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी,सहायक मुख्यध्यापक मुखलिस मदू, पर्यवेक्षक असरार पठान, सिब्तैन कशेलकर, वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने मुहम्मद रफी अंसारी सर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



# रौशनी कमल फाउंडेशन ने 25 से 27 अप्रैल को चैत जो सिंधी मेले का भव्य आयोजन किया

**संत काली साई ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्थानीय आमदार कुमार आयलानी भी उपस्थित रहे।**

**प्रेम भारतीय, जतिन उदासी और शुभम नथानी ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. रौशनी कमल फाउंडेशन के बैनर तले सार्वजनिक सिंधी समाज ने अपने पारंपरिक और प्रसिद्ध सिंधी त्यौहार चैत जो सिंधी मेले को बड़े ही भव्य, दिव्य,और श्रद्धा विश्वास के साथ मनाया।यह मेला 25, 26 और 27 अप्रैल को वसंत वैली ग्राउंड खड़क पाड़ा कल्याण में मनाया गया। सिंधी संस्कृति को पहचान देने वाले इस मेले का उद्घाटन 25 अप्रैल को संत काली साईं जी ने अपने करकमलों द्वारा किया।उद्घाटन अवसर पर ओमी साईं भाऊ लीलाराम और जसप्रीत भाईसाहब भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दीपक मांगतानी रंगीला द्वारा दी गई उक्त जानकारी के अनुसार चैत जो मेले के पहले दिन प्रेम भारतीय द्वारा विष्णु अवतारी श्री संत झूलेलाल भगवान जी का महिमा मंडन भव्य गायन द्वारा किया गया। मेले के दूसरे दिन सिंधी भाषा और समाज के प्रसिद्ध गायक,गीतकार,कलाकार और अभिनेता जतिन उदासी और उनके बैंड ने सिंधी गीत संगीत की अनेक प्रस्तुतियों और शानदार परफॉर्मेंस से माहौल को संगीतमय और भक्तिमय कर दिया।चैत जो मेले के तीसरे दिन प्रस्तुति के साथ शुभम निरंकारी (नथानी) जो सिंधी गायन शैली में युवा सनसनी माने जाते हैं, ने अपनी शानदार और आकर्षक परफॉर्मेंस से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।उक्त मेला कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा आमदार कुमार आयलानी, मुरली अदनानी, गुरमुख जगवानी, महेश सुखरमानी, लाधा राम दादा, अजीत मणियाल, राजू जगियासी, लाल पंजाबी, महेश अग्रवाल, समाजसेविका जया साधवानी, दीपक रंगीला और कल्याण के डी.सी.पी. अतुल जेंडे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे और सभी ने सिंधी संस्कृति को आगे बढ़ाने वाले इस मेला आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सिंधी समाज के लोगों ने चैत जो मेले का भरपूर आनंद लिया।

डॉ.रोशनी तोलानी द्वारा सिंधी संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को जोड़ने वाले इस सिंधी चैत जो मेले के आयोजन को सभी गणमान्य अतिथियों एवं नागरिकों ने विशेष रूप से प्रशंसा की। उनके कुशल नेतृत्व और अथक परिश्रम से सिंधी संस्कृति का यह विशेष कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल रहा।

फास्ट ट्रैक

# तीन भाइयों पर फायरिंग मामला, गुप्तांग में मारी गोली

**परिजनों ने जमकर किया हंगामा, रेफर करने पर भड़के परिजन**

शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र अजीजगंज में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मोहल्ले के रहने वाले शेरू और उसके साथियों ने तीन भाइयों कमलेश, जीतेंद्र और छन्नू पर फायरिंग कर दी। तीनों भाई गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दो घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। एक घायल के गुप्तांग पर गोली लगी है। रेफर किए जाने पर परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में हंगामा किया। उन्होंने एंबुलेंस के सामने खड़े होकर विरोध जताया। परिजनों का कहना था कि इतने बड़े मेडिकल कॉलेज में इलाज क्यों नहीं हो सकता। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला और एंबुलेंस को रवाना करवाया। एसपी राजेश द्विवेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने परिजनों से घटना की जानकारी ली। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। पुलिस लगातार दबिश दे रही है। सूचना मिली है कि आरोपी ने खुद अपने वाहन में आग लगा दी, जिसे बाद में बुझा दिया गया। पुलिस ने परिजनों को कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# नर्स की मौत पर परिवार ने उठाए सवाल


**एक महीने पहले नर्स की तय हुई थी शादी, पिता बोले–वो डिप्रेशन में नहीं थी, सुसाइड नहीं कर सकती**

शाहजहांपुर, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में कार्यरत 28 वर्षीय नर्स आरती देवल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिवार ने सुसाइड की थ्योरी को खारिज किया है। मृतका की मां रजनी ने बताया कि रविवार रात को बेटी से आखिरी बार बात हुई थी। आरती ने बताया था कि वह डॉक्टरों के साथ खाना खाकर आई है। सोमवार सुबह रोज की तरह बेटी का फोन नहीं आया। कई बार कॉल करने पर भी फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद मेडिकल कॉलेज स्टाफ को सूचित किया गया। पिता महेश चंद्र ने बताया कि आरती पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। एक महीने पहले ही बरेली में उसकी शादी तय हुई थी। वह डिप्रेशन में नहीं थी और न ही आत्महत्या कर सकती थी। परिवार को आशंका है कि डॉक्टरों के साथ खाने के दौरान उसके भोजन में कुछ मिलाया गया होगा। पुलिस इस मामले को आत्महत्या मान रही है। वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज प्रशासन से जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बात करने से मना कर दिया। परिवार ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



# मनपा क्षेत्र में 50 स्थानों पर लोगों के पीने के लिए अस्थायी जलापूर्ति

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए ठाणे मनपा द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से मनपा क्षेत्र में 50 स्थानों पर अस्थायी जलापूर्ति व्यवस्था शुरू की गई है। इन अतिरिक्त 25 पानी की टंकियों को क्रेडाई-एमसीएचआई के सहयोग से लॉन्च किया गया है। इससे पहले, यस चैरिटेबल ट्रस्ट, जेवीएम चैरिटेबल फाउंडेशन और समर्थ भारत व्यासपीठ की भागीदारी से पहले चरण में 25 जल परियोजनाएं शुरू की जा चुकी हैं। शहरीकरण के कारण शहर में बढ़ती गर्मी की समस्या से निपटने के लिए पिछले वर्ष थाना के लिए एक व्यापक ताप समाधान योजना तैयार की गई थी। यह योजना महाराष्ट्र सरकार, ठाणे मनपा और ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है। जिसके अनुसार ठाणे मनपा गर्मी की लहर का सामना करने के लिए सतर्क है और आयुक्त सौरभ राव के निदेर्शानुसार मनपा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जन जागरूकता अभियान चला रहा है। आयुक्त सौरभ राव द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार मनपा ने पिछले वर्ष की भांति नगर क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू कर दी है। आयुक्त राव ने विभागाध्यक्षों की समीक्षा बैठक में इनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए थे। मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान ने बताया कि पर्यावरण विभाग ने क्रेडाई-एमसीएचआई के सहयोग से 25 और अस्थायी जल टैंक शुरू किए हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए इन 50 स्थानों पर पानी की बड़ी बोतलें और गिलास रखे गए हैं।संबंधित गैर सरकारी संगठन प्रतिदिन शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर रहे हैं।

# वयोवृद्ध पूर्व सैनिक ने नाला सफाई के लिए मनपा प्रशासन को दिया लिखित ज्ञापन

**कार्यवाही न होने की स्थिति में 1 मई महाराष्ट्र दिवस पर आमरण अनशन पर बैठेंगे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. स्थानीय कैम्प क्रमांक 4 के रहिवासी वयोवृद्ध 76 वर्षीय पूर्व सैनिक सुभाष दिनकर पाटिल ने मनपा प्रशासन को नाला मरम्मत के लिए ज्ञापन दिया है।24 अप्रैल को दिए गए पत्र के माध्यम से पूर्व सैनिक ने मनपा प्रशासन को सूचित कराया है कि पत्र देय दिनांक से 8 दिनों के अंतर्गत उनके घर के निकट स्थित नाले की मरम्मत और सफाई का कार्य प्रारंभ न होने की स्थिति में वे 1 मई महाराष्ट्र दिवस पर विरोध स्वरूप आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे।

पूर्व सैनिक सुभाष दिनकर पाटिल के घर के निकट में ही एक बड़ा नाला है जिसे 2007 में मनपा द्वारा बनवाया गया था। वहीं नाला समय बीतने के साथ धीरे-धीरे अब पूरी तरह से गिरने की कगार पर आ गया है। उनका कहना है कि विगत 7 वर्षों से

मनपा प्रशासन व स्थानीय नगरसेवक को बार-बार पत्र व्यवहार करने पर भी उक्त नाले की मरम्मत नहीं करवाई गई है। इसी नाले के टूटे होने की वजह से 23 जुलाई 2019 की मूसलाधार बारिश में उनके कारखाने की दीवार गिरने से लगभग 6 से 7 लाख का नुकसान हुआ था। इसी तरह नाले के दूसरी तरफ के 2 घरों की दीवार और सामने की बिल्डिंग की दीवार गिरने से उनका भी लाखों रुपयों का नुकसान हुआ था। इस बाबत उल्हासनगर मनपा सार्वजनिक बांध काम विभाग और आयुक्त को बार-बार शिकायत की गई परंतु यह नाला अभी तक बनवाया नहीं गया है।



अतः उक्त संदर्भ में मनपा द्वारा कार्यवाही नहीं होती है तो विवश होकर वे और उनका पुत्र 1 मई से महाराष्ट्र दिवस पर प्रातः 10 बजे आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। इस तरह का पत्र पूर्व सैनिक 76 वर्षीय सुभाष दिनकर पाटिल ने मनपा प्रशासन व वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन को दिया है।

# शादी समारोह में जाते समय युवक की मौत

**तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, पत्नी–बच्चों को पहले ही छोड़ आया था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक दुखद घटना सामने आई है। बंडा क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उगनापुर गांव के 27 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है। राजेश अपने साढ़ू नन्हे लाल की बेटी की शादी में शामिल होने जा रहा था। शादी बुधवार को होनी थी और मंगलवार को तिलक का कार्यक्रम था। राजेश ने अपनी पत्नी और बच्चों को सोमवार की सुबह ही सिंगापुर पनई गांव भेज दिया था। जब राजेश बंडा के इब्राहिमपुर के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की और परिवार को सूचित किया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम को भेजा शव परिजनों के अनुसार राजेश मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। घटना की खबर मिलते ही शादी में गई उनकी पत्नी और बच्चे वापस घर लौट आए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रीम कोर्ट अधिवक्ता विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी ने इंटरमिडिएट के टापर सार्थक सिंह को भेंट की साईकिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( युनिस खान ) मान्धाता इंटर 12 वीं बोर्ड की परिक्षा में 91.40 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टाप करने वाले बुआ पुर निवासी पूर्व प्रधान भागीरथी सिंह के नाती मेधावी छात्र सार्थक सिंह का सम्मान करते हुए ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी ( पिंटू तिवारी ) ने साईकिल भेंट किया। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी ( पिंटू तिवारी ) ने मेधावी छात्र सार्थक सिंह और उनके घर वालों को इस शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सार्थक सिंह होनहार और प्रतिभावान विद्यार्थी है। हाईस्कूल में भी शानदार सफलता हासिल किया और इंटर मिडिएट की परिक्षा में जिला टाप कर गांव समाज क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी ने कहा कि हम भी विद्यालय चला रहे हैं। हमे इस बात की खुशी है कि हमारे गांव समाज क्षेत्र में सार्थक सिंह जैसे प्रतिभा मौजूद हैं। इसी तरह मेहनत करते रहे तो भविष्य में इस देश के गौरवशाली छात्रों की श्रेणी में खड़े होंगे। ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज के चेयरमैन विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी ने कहा कि हम गांव के इसी तरह के प्रतिभावान विद्यार्थियों से प्रभावित होकर विद्यालय की बुनियाद रखे। हमने देखा कि जब ग्रामीण परिवेश में संसाधनों की कमी के बावजूद बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रहे हैं। अगर इन्हें बढ़िया कैपंस, शिक्षा व्यवस्था मिल जाय तो ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। इसी उद्देश्य से हम और मैनेजर रीना तिवारी ने ब्वायज एंड गर्ल स्कूल एंड कालेज की बुनियाद रखी जिसका प्रथम सत्र शुरू हो चुका है। आप सभी के सहयोग से लगातार एडमिशन हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी ने मेधावी छात्र सार्थक सिंह और उनके घर वालों को भरोसा दिलाया कि सार्थक सिंह को जरुरत पड़ने पर हर संभव सहयोग किया जायेगा। उनकी शिक्षा के आड़े किसी तरह की समस्या आती है तो मैं हमेशा सार्थक सिंह और उनके परिवार के साथ साथ क्षेत्र के सभी मेधावी विद्यार्थियों के लिए खड़ा रहूंगा। चाहे वह किसी समाज धर्म और जाति से हो मेरा काम प्रतिभावान विद्यार्थियों को सहयोग करना है। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी सार्थक सिंह के घर पहुंच कर सार्थक सिंह को माल्यार्पण कर साईकिल करने पर सार्थक सिंह के पिता मनोज कुमार सिंह ने विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी कारोबारी व्यस्तता के बावजूद सार्थक सिंह का उत्साहवर्धन करने के लिए घर तक आए। इससे साबित होता है कि विन्ध्येश्वरी प्रसाद तिवारी गांव समाज और शिक्षा के प्रति समर्पित और चिंतित व्यक्तिव है। इस अवसर पर सूर्य बक्स सिंह, राम प्रताप सिंह, संतोष पाण्डेय, शिक्षक सुभाष पांडेय, प्रभात पांडेय, जितेन्द्र सिंह शेखर, गोलू सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अवैध हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**देशी तमंचा और कारतूस बरामद, चेकिंग के दौरान कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना कलान पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान यह कार्रवाई की। पहली गिरफ्तारी में 25 वर्षीय कुलदीप को चरनौख तिराहे से पकड़ा गया। कुलदीप ग्राम खमरिया का रहने वाला है। उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। यह गिरफ्तारी सुबह 8:18 बजे की गई। दूसरी गिरफ्तारी में 32 वर्षीय कैलाश को पकड़ा गया। कैलाश ग्राम मरथरा का निवासी है। उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने उसे मकरन्दपुर की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर जामुन के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# सांड से टकराई बाइक, मां की मौत, बेटा घायल

**शाहजहांपुर में खेत जाते समय हुई घटना, घायल अस्पताल में भर्ती**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक सड़क हादसा हुआ। नौसना मुड़िया गांव के पास सांड से टकराने से बाइक सवार 50 वर्षीय देवकी की मौके पर मौत हो गई। बाइक चला रहा उनका बेटा श्याम सिंह घायल हो गया। जखिया गांव की रहने वाली देवकी अपने बेटे श्याम के साथ बदायूं जिले के रैपुरा गांव स्थित खेत जा रही थीं। नौसना मुड़िया गांव के पास सांड ने अचानक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से देवकी सड़क पर गिर पड़ीं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने देवकी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिवार को घटना की जानकारी दी। कलान थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद परिवार की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर , मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने एक युवती को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के गांव पौकी निवासी रामनरेश ने अपने पुत्र के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में नामजद आरोपियों में हरदोई जनपद निवासी गीता पुत्री गुल्लू, सूरज पुत्र गुल्लू और थाना मदनापुर क्षेत्र निवासी कमलेश पुत्र लटूरी शामिल हैं। थानाध्यक्ष जुगल किशोर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाने से सटे सरकारी रोडवेज परिसर से आरोपी गीता को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी युवती को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

भारत संवाद परिवार

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पहलगाम हमला- भारत की जवाबी कार्रवाई से डरा पाकिस्तान

## लॉन्चिंग पैड से 30-50 आतंकियों को हटाकर बंकरों में भेजा

एजेंसी

श्रीनगर, पहलगाम अटैक के जवाब में भारत के संभावित हमले को देखते हुए पाकिस्तान ने एलओसी के पास से आतंकियों को हटने का आदेश दिया है। ये इलाके कश्मीर में घुसपैठ के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के लॉन्चिंग पैड माने जाते हैं। पाकिस्तानी सेना को डर है कि भारत इन ठिकानों को निशाना बना सकता है। अभी तक कितने आतंकियों को हटाया गया है, इसकी सटीक संख्या सामने नहीं आई है। लेकिन रिपोट्र्स के मुताबिक यह संख्या 30-50 के बीच हो सकती है। पाकिस्तानी सेना ने इन आतंकियों को अपने बंकरों और सुरक्षित ठिकानों में शिफ्ट किया है। सूत्रों के अनुसार, ये लॉन्चिंग पैड दुधनियाल, अथमुकाम, लीपा, फॉरवर्ड कहूटा और कोटली जैसे एलओसी के पास के इलाकों में हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी ट्रेकिंग एक्टिविटीज पर रोक लगा दी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि



दक्षिण और उत्तर कश्मीर के कई ट्रेकिंग रूटों पर आतंकियों की आवाजाही होती है। युद्ध की आशंका के बीच 27 अप्रैल की रात तुर्किये के सात सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान कराची और इस्लामाबाद पहुंचे। इनमें से 6 इस्लामाबाद और एक कराची के पाकिस्तान एयरफोर्स बेस फैसल पर उतरा। ये युद्ध सामग्री लेकर आए हैं। पाकिस्तानी सेना के कई टैंक (जैसे अल-खालिद) और फाइटर जेट (जैसे जे.एफ-17) पुराने और सीमित क्षमता वाले हैं। ऐसे में पाकिस्तान युद्ध सामग्री जुटाने में लगा हुआ है। भारत ने 5 दिन में 2 बार मिसाइल टेस्टिंग की 27 अप्रैलः अरब सागर में जंगी जहाजों से मिसाइल टेस्टिंग भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने जंगी जहाजों से कई मिसाइलों का टेस्ट किया। यह टेस्ट पूरी तरह सफल रहा। नौसेना ने कहा कि वह दिन-रात देश की रक्षा के लिए तैयार है। समुद्र में कहीं भी कोई खतरा हो, हम उसका आसानी से सामना कर सकते हैं। 24 अप्रैलः आईएनएस सूरत से मिसाइल की टेस्टिंग नेवी ने आईएनएस सूरत से मिसाइल की टेस्टिंग की। नेवी ने समुद्र में तैर रहे एक छोटे टारगेट को नष्ट किया। गुजरात के सूरत में दमन सी फेस पर आईएनएस सूरत तैनात है। यह युद्धपोत 164 मीटर लंबा और 7,400 टन वजनी है। इसकी अधिकतम गति 30 नॉट्स (लगभग 56 किमी/घंटा) है। इसमें अत्याधुनिक हथियारों- ब्रह्मोस और बाराक-8 मिसाइल और एआई बेस्ड सेंसर सिस्टम है। सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगाया पहलगाम अटैक की रिपोर्टिंग को लेकर भारत ने 28 अप्रैल को कई पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स पर बैन लगा दिया है। इनमें क्रिकेटर शोएब अख्तर, डॉन न्यूज, समा टीवी और जिओ न्यूज शामिल हैं। सरकार का कहना है कि ये चैनल्स भारत और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें चला रहे हैं। गृह मंत्रालय की सिफारिश पर भारत सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर बैन लगा दिया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इन चैनलों पर भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ, सांप्रदायिक और भ्रामक खबरें फैलाने का आरोप है। पहलगाम हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। इनमें एक नेपाली नागरिक भी था। 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में यूपी, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं।

# अमेरिका का 500 करोड़ का विमान लाल सागर में गिरा

## एयरक्राफ्ट कैरियर से फिसला सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट

एजेंसी

अमेरिकी नौसेना का एक एफ/ए-18ई सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर से फिसलकर लाल सागर में गिर गया है। यह हादसा सोमवार 28 अप्रैल को हुआ है। यह फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस हैरी एस. ट्रूमन पर तैनात था। यूएस नेवी के मुताबिक यह हादसा तब हुआ जब नौसेना के जवान विमान को हैंगर में खींचकर ले जा रहे थे। इसी दौरान विमान हैंगर डेक से फिसलकर समुद्र में गिर गया। साथ में उसे खींचने वाला वाहन भी पानी में चला गया। विमान की कीमत 6 बिलियन डॉलर यानी करीब 500 करोड़ है। नेवी के



मुताबिक विमान को खींच रहे जवानों को जैसे ही खतरे का अंदेशा हुआ वे पीछे हट गए। हादसे में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक सैनिक को चोट आई हैं। एफ/ए-18ई सुपर हॉर्नेट अमेरिकी नौसेना का एक मॉडर्न मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसे खासतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक ही सीट वाला विमान है। यह हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम है। इसकी अधिकतम स्पीड लगभग 1900 किमी/घंटा है और यह करीब 2,300 किमी की रेंज तक उड़ सकता है। सुपर हॉर्नेट में एडवांस्ड एवियोनिक्स, रडार जैमिंग सिस्टम, और सटीक गाइडेड हथियार ले जाने की क्षमता है। यह अमेरिकी नौसेना के स्ट्राइक मिशन, टोही अभियानों और समुद्री सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। कई अमेरिकी मीडिया रिपोट्र्स में यह दावा किया जा रहा है कि यह हादसा एयरक्राफ्ट कैरियर को मोड़ने की वजह से हुआ है। रॉयटर्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि एयरक्राफ्ट कैरियर ने हूती विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए अपनी दिशा अचानक बदली थी। हालांकि यह साफ नहीं है कि विमान इसी वजह से गिरा है या इसके पीछे कोई और वजह थी। हूती विद्रोहियों ने 28 अप्रैल को एक बयान में कहा था कि उन्होंने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और उसके साथ मौजूद युद्धपोतों को निशाना बनाया था। हूती विद्रोहियों ने इसे अमेरिकी नरसंहार का जवाब कहा था।

अमेरिका पिछले कई महीनों से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है। अब तक अमेरिकी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं। यमन के उत्तरी प्रांत सादा में 28 अप्रैल यानी सोमवार को ही अमेरिकी हमले में 68 लोगों की मौत हुई थी। ये हमला अफ्रीकी प्रवासियों को रखने वाले एक डिटेंशन सेंटर पर किया गया।

# कनाडा चुनाव-खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह अपनी सीट हारे

## नतीजा आने पर रो पड़े; पीएम मार्क कार्नी बहुमत से 5 सीटें पीछे, पद पर बने रहेंगे

एजेंसी




ओटावा, कनाडा में लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी प्रधानमंत्री बने रहेंगे। कनाडा में सोमवार को हुए आम चुनावों में पार्टी की जीत हो गई है। पार्टी को 167 सीटों पर जीत हासिल हुई है। हालांकि पार्टी 172 का बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई है। खालिस्तान समर्थक और न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के प्रमुख नेता जगमीत सिंह अपनी सींट हार गए हैं। नतीजे के बाद पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जगमीत सिंह रो पड़े। वे ब्रिटिश कोलंबिया की बनार्बी सेंट्रल सीट पर लिबरल उम्मीदवार वेड चांग से हार गए। सिंह को लगभग 27% वोट मिले, जबकि चांग को 40% से ज्यादा वोट मिले। जगमीत ने अपनी सीट न बचा पाने के बाद इस्तीफा दे दिया। उनकी पार्टी को भी वोटों में भारी गिरावट का सामना करना पड़ा। पार्टी नेशनल पार्टी का स्टेटस भी खो सकती है, क्योंकि नेशनल पार्टी बने रहने के लिए कम से कम 12 सीटें जीतना जरूरी होता है। यह चुनाव ऐसे वक्त पर हुए हैं जब कनाडा अपने पड़ोसी अमेरिका के साथ टैरिफ वॉर में उलझा हुआ है। इस चुनाव का आधिकारिक रिजल्ट 30 अप्रैल या 1 मई को आएगा। चुनाव के रुझानों में जीत की संभावना के बाद कार्नी ने पार्टी नेताओं और समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि मैं महीनों से चेतावनी देता आ रहा हूं, अमेरिका हमारी जमीन, हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारा देश चाहता है। राष्ट्रपति ट्रम्प हमें तोड़ना चाहते हैं ताकि वे हम पर कब्जा कर सकें। लेकिन, ऐसा कभी नहीं होगा, बिल्कुल भी नहीं होगा। कार्नी ने आगे कहा कि जब मैं राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ बैठकर बातचीत करूंगा, तो उसमें दोनों देशों के बीच भविष्य के आर्थिक और रणनीतिक संबंधों पर चर्चा होगी। और ये बातचीत मैं इस पूरी जानकारी के साथ करूंगा कि हमारे पास अपने देश को समृद्ध और विकसित करने के लिए कई अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। वैसे तो कनाडा में आधिकारिक तौर पर अक्टूबर 2025 को चुनाव होने थे, लेकिन प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने यह कह कर नए चुनाव का ऐलान किया था कि उन्हें ट्रम्प से निपटने के लिए मजबूत जनादेश चाहिए। 2015 से कनाडा के प्रधानमंत्री रहे जस्टिन ट्रूडो ने इस साल की शुरूआत में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद मार्क कार्नी को नया प्रधानमंत्री चुना गया था। कनाडा में प्रधानमंत्री का कार्यकाल सामान्यतः 4 साल का और अधिकतम 5 साल का होता है, लेकिन बहुमत खो देने पर या फिर पीएम चाहे तो समय से पहले संसद भंग कर नए चुनाव का ऐलान कर सकते हैं। कार्नी ने ऐसा ही किया। मेनस्ट्रीट रिसर्च ने दावा किया था कि लिबरल पार्टी लगभग 189 सीटें जीत सकती है, उनके सरकार बनाने की संभावना 70% तक है। दूसरी तरफ कंजर्वेटिव पार्टी भी अपने पिछले प्रदर्शन से और ज्यादा बेहतर रिजल्ट हासिल कर सकती है। हालांकि क्यूबेक और एनडीपी दोनों की सीटें कम हो सकती हैं।


लिबरल पार्टीः लिबरल पार्टी की स्थापना 1867 में हुई थी। यह कनाडा की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टियों में से एक है। लिबरल पार्टी प्रगतिशील विचारधारा का समर्थन करती है। इसका जोर उदारवाद, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर रहता है।

# ट्रम्प के 100 दिन, आगे 5 फैसले ले सकते हैं

## एच1-बी वीजा प्लान से 3 लाख भारतीयों पर संकट; ग्रीन कार्ड पाना भी मुश्किल होगा

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की दूसरी पारी ने अमेरिका समेत पूरी दुनिया में भूचाल ला दिया है। सत्ता संभालते ही ट्रम्प ने सरकारी मशीनरी को ध्वस्त करने, राजनीतिक दुश्मनों पर हमला बोलने और बड़े पैमाने पर अधिकारियों को हटाने का अभियान छेड़ रखा है। महज 100 दिनों में ट्रम्प ने अमेरिका की छवि



को बदल दिया है। इमिग्रेशन से लेकर टैरिफ, शिक्षा से लेकर नौकरियों तक, हर मोर्चे पर ट्रम्प ने आक्रामक फैसले लिए हैं। इन फैसलों का अमेरिका, चीन, भारतीय सभी पर असर हुआ है। आने वाले महीनों में ट्रम्प और भी बड़े फैसले लेने की तैयारी में हैं। इनमें इनकम टैक्स, जॉब, शिक्षा, अवैध प्रवासी जैसे क्षेत्र अहम हैं। इन फैसलों से अमेरिकियों के अलावा भारतीयों पर भी असर होगा।

# वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ ओवैसी का नया दांव

## आज शुरू करेंगे 'स्विच ऑफ लाइट' अभियान



एजेंसी

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ 30 अप्रैल को 'बत्ती बुझाओ' अभियान का आान किया। मीडिया से बात करते हुए ओवैसी ने लोगों से बुधवार को रात 9 बजे से 15 मिनट के लिए लाइटें बंद करके अभियान का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के खिलाफ शुरू किए गए विरोध प्रदर्शन के तहत 30 अप्रैल को रात 9 बजे से 9.15 बजे तक 'लाइट बंद' करने का कार्यक्रम शुरू किया गया है ताकि इस अधिनियम के खिलाफ विरोध दर्ज कराया जा सके। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने घरों/दुकानों की लाइट बंद करके इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लें ताकि हम पीएम मोदी को यह संदेश दे सकें कि यह अधिनियम मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। आपको बता दें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ देशव्यापी अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में पार्टी ने 30 अप्रैल को बत्ती गुल नामक एक प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन का आान किया है।

**विरोध प्रदर्शन के हिस्से के रूप में, देश भर के लोगों से रात 9 बजे 15 मिनट के लिए अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लाइटें बंद करने का आग्रह किया गया है। यह निर्णय हाल ही में हैदराबाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सहयोग से आयोजित वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ नामक एक विशाल सार्वजनिक रैली के बाद लिया गया है।**

विरोध प्रदर्शन के हिस्से के रूप में, देश भर के लोगों से रात 9 बजे 15 मिनट के लिए अपने घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लाइटें बंद करने का आग्रह किया गया है। यह निर्णय हाल ही में हैदराबाद में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सहयोग से आयोजित वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ नामक एक विशाल सार्वजनिक रैली के बाद लिया गया है। इस रैली में कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी और डीएमके सहित कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ हजारों लोगों ने भाग लिया। वक्फ बचाओ अभियान का पहला चरण 13 जुलाई को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी सभा के साथ समाप्त होने वाला है। इसके लिए नए कानून के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसे निरस्त करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए राज्य और जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है।

# देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़ी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगाः उच्चतम न्यायालय का आदेश

**उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं करेगा लेकिन उसने संकेत दिया कि निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए।**

एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं करेगा लेकिन उसने संकेत दिया कि निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट को सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता को प्रभावित करने वाली किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं करेगा, लेकिन संकेत दिया कि यह निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं को संबोधित कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट को सड़कों पर चर्चा के लिए दस्तावेज नहीं बनाया जाना चाहिए पीठ ने कहा, देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट को नहीं छुआ जाएगा लेकिन जो व्यक्ति यह जानना चाहते हैं कि उन्हें इसमें शामिल किया गया है या नहीं, उन्हें सूचित किया जा सकता है। हां, व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए लेकिन इसे सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे इस बात की भी समीक्षा करनी होगी कि तकनीकी पैनल की रिपोर्ट को व्यक्तियों के साथ किस हद तक साझा किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एक अमेरिकी जिला अदालत के फैसले का जिक्र किया। सिब्बल ने कहा, व्हाट्सऐप ने खुद ही यहां खुलासा किया है। किसी तीसरे पक्ष ने नहीं। व्हाट्सऐप ने हैकिंग के बारे में कहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह 30 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगी। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ ने बताया था कि 300 से अधिक सत्यापित भारतीय सेलफोन नंबर उन संभावित लक्ष्यों की सूची में थे जिनकी पेगासस स्पाइवेयर का उपयोग करके निगरानी की जानी थी।

# अब मनमाने ढंग से फीस नहीं बढ़ा सकेंगे स्कूल

### फीस एक्ट को कैबिनेट की मंजूरी

**दिल्ली विधानसभा में पेश और पारित होने के बाद, अधिनियम कानून बन जाएगा और निजी स्कूलों की फीस संरचनाओं पर सख्त नियम लागू करेगा। इसको लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लिया है, और आज कैबिनेट ने मसौदा विधेयक पारित कर दिया है।**



एजेंसी

स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली स्कूल फीस अधिनियम को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय का उद्देश्य स्कूल फीस को विनियमित करना और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, जिससे स्कूलों को अत्यधिक फीस वसूलने से रोका जा सके। इस अधिनियम से राजधानी भर के अभिभावकों को बहुत जरूरी राहत मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी भर में स्कूल फीस में अत्यधिक वृद्धि को लेकर अभिभावकों के बीच बढ़ती निराशा के मद्देनजर लिया गया है। दिल्ली विधानसभा में पेश और पारित होने के बाद, अधिनियम कानून बन जाएगा और निजी स्कूलों की फीस संरचनाओं पर सख्त नियम लागू करेगा। इसको लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लिया है, और आज कैबिनेट ने मसौदा विधेयक पारित कर दिया है।

# भाजपा ने कांग्रेस को बताया लश्कर-ए-पाकिस्तान

## कहा- 'सर तन से जुदा' पार्टी की विचारधारा और चरित्र

**भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस तस्वीर में शरीर है, लेकिन सिर नहीं है। 'सर तन से जुदा' आज लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस की विचारधारा और चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री, जो भारत के हर नागरिक के लिए सुरक्षा की चट्टान हैं, उस चट्टान को तोड़ने की आज कांग्रेस कोशिश कर रही है।**

एजेंसी



भाजपा नेता गौरव भाटिया ने मंगलवार को कांग्रेस की इस विवादित पोस्ट की कड़ी निंदा करते हुए इसे बेहद दुखद और चिंताजनक बताया। भाटिया ने पार्टी पर अपने दो चेहरे दिखाने और लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस में तब्दील होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी स्पष्टता से कहा कि आतंकियों को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा और उनके आकाओं को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो जीवन भर याद रखेंगे। भाटिया ने कहा कि भारत की पूरी शक्ति जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व, हमारी वीर सेना की ताकत और 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति, दुआएं और प्रार्थना शामिल है, वो आज एक लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। लेकिन एक ऐसा भारतीय राजनीतिक दल भी है, जो हमारे बीच रहता है, लेकिन अगर उसे लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वेरिफाइड हैंडल से एक तस्वीर पोस्ट की जाती है। इस तस्वीर के पोस्ट होने के बाद एक बहुत बड़ा सिग्नल शत्रु देश पाकिस्तान को दिया जाता है कि चिंता मत करो, भारत के अंदर मीर जाफर, तुम्हारे समर्थक सब उपस्थित हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस तस्वीर में शरीर है, लेकिन सिर नहीं है। 'सर तन से जुदा' आज लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस की विचारधारा और चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री, जो भारत के हर नागरिक के लिए सुरक्षा की चट्टान हैं, उस चट्टान को तोड़ने की आज कांग्रेस कोशिश कर रही है। लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस में बिना राहुल गांधी की सहमति के पत्ता तक नहीं हिलता। राहुल गांधी के कहने पर ही ऐसे पोस्ट किए जाते हैं, जो पूरे देश को शर्मसार करते हैं और पीड़ा देते हैं। गौरव भाटिया ने कहा कि ये लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस का प्रयास है कि इस अहम समय में कैसे भारत को कमजोर किया जाए

## संक्षेप

### इनोवेशन और लीडरशिप के लिए सम्मान

**सुल्तानपुर के प्राचार्य को दिल्ली में मिला एक्सीलेंस अवार्ड**

सुलतानपुर, महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य जगत नारायण उपाध्याय को दिल्ली में विशेष सम्मान मिला है। उन्हें शिक्षा में नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए 'एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह मयूर विहार, दिल्ली में ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम (जीएसएलसी) द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। महर्षि विद्या मंदिर समूह के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड डॉक्टर गिरीश चंद्र वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने जताई खुशी इस राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार के लिए देश भर से चुनिंदा विद्यालयों और संस्थाओं के निदेशक एवं प्राचार्य आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक, प्राचार्य और कुलपति शामिल हुए।

### दो बाइकों की भिड़ंत

**हादसे में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल**

सुल्तानपुर, सुलतानपुर में धनपतगंज थाना क्षेत्र के हलियापुर बेलवाई मार्ग पर कोरव चौराहे के पास मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा की टीवीएस स्टार सिटी और पल्सर बाइक के बीच हुआ। स्टार सिटी पर सवार इनायतनगर थाना क्षेत्र के कनौली मिल्कीपुर ग्राम पंचायत निवासी हिमांशु श्रीवास्तव (22 वर्ष) व गोसाईगंज थाना क्षेत्र के महमूदपुर काटवा निवासी तनु (22 वर्ष) और पल्सर सवार शिवपूजन, निवासी टेहड़ा, बुरी तरह घायल हो गए। कर दियाघटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज ले जाया गया।

### आउटसोर्स कर्मियों का विरोध

**कल से 6 मई तक करेंगे कार्य बहिष्कार, लखनऊ मुख्यालय तक करेंगे मार्च**

सुलतानपुर, बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मियों ने छंटनी के विरोध में मंगलवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया। कर्मचारी 30 अप्रैल से 6 मई तक कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। यूपी पावर कार्पोरेशन में जिले भर में वर्तमान में 911 आउटसोर्स कर्मी कार्यरत हैं। कंपनी ने इनमें से केवल 586 कर्मियों का अनुबंध भरा है। शेष 325 अतिरिक्त कर्मियों को हटाने की योजना है। कर्मचारी पहले पांच दिन जिले में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। छठे दिन वे लखनऊ मुख्यालय कूच करेंगे। बिजली व्यवस्था न हो प्रभावित जिलाध्यक्ष आनंद कुमार अग्रहरि ने कार्य बहिष्कार की सूचना अधीक्षण अभियंता को दे दी है।

# कारोबारी बम कांड में 4 गिरफ्तार

**कारोबारियों के बीच जमीन की रंजिश में हुई वारदात, फल कारोबारी ने दिया था ठेका**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, नारीबारी इलाके में रींवा हाईवे पर कार सवार कारोबारियों पर बम से हमला करने के मामले में पुलिस ने पर्दा उठा दिया है। उमेश पाल हत्याकांड की तरह ही कारोबारियों पर बम से अटैक किया गया था। इस मामले में पुलिस ने फल कारोबारी समेत चार लोगों को पकड़ा है। हमला रवि केसरवानी उर्फ शुभम पर किया गया गया था। जांच से साफ हुआ कि रवि केसरवानी का जमीन का विवाद वहीं के कारोबारियों से चल रहा था। फल कारोबारी से रंजिश की वजह से बम से हमले की प्लानिंग की गई। फल कारोबारी ने शहर के लड़कों संपर्क कर बम अटैक की सुपारी दी। इसके बाद युवकों ने रेकी कर रवि केसरवानी पर हमला किया। हालांकि हमले में रवि और उनके दोस्त को मामूली चोट ही लगी। पुलिस ने परत दर परत खंगालते हुए चार लोगों को अरेस्ट किया है। इसमें एक कारोबारी ठेका देने वाला है जबकि बाकी हमले की साजिश कर बम अटैक करने वाले हैं। इस मामले में पुलिस प्रेस कांफ्रेंस करने की तैयारी में है। प्रयागराज में कार सवार कारोबारियों पर बदमाशों ने बम से हमला कर दिया। बम फटते ही कारोबारी कार से कूदकर गलियों में भाग गए। घर और दुकानों में छिपकर जान बचाई। हमले में दो कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के रीवां रोड का है। घटना रविवार रात नौ बजे की है। वीडियो आज सामने आया है। वीडियो में उमेश पाल हत्याकांड की तरह ही बदमाश बम फेंकते दिख रहे हैं। हमले में घायल कारोबारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। रिश्तेदार को बैठाने के लिए कार रोकी, तभी हुआ हमलाचाकघाट के रहने वाले रवि केसरवानी उर्फ शुभम के पास ट्रैक्टर की एजेंसी है। इसके अलावा लोन पर लिए हुए ट्रैक्टर की किस्त न जमा होने पर ट्रैक्टर उठवाने का भी काम करते हैं। कार से एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। उनके साथ दोस्त विक्की केशरवानी और वेद द्विवेदी भी थे। घर से कुछ दूर उनके रिश्तेदार कपड़ा व्यापारी बैजनाथ केसरवानी रहते हैं। उनको भी साथ जाना था। रवि अपने दोस्त विक्की और वेद के साथ बैजनाथ को लेने पहुंचे। उनके घर के सामने जैसे ही रुके। तभी प्रयागराज की तरफ से आए। बाइक सवार दो हमलावरों ने कार पर बम फेंक दिया। यह देख व्यापारी कार से कूद गए

# व्यापारी की मौत का खुलासा

**महिला मित्र ने जहर देकर की हत्या, बदनामी का बदला लेने के लिए रची साजिश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एक व्यापारी की रहस्यमयी मौत का पदार्फाश हुआ है। दिसंबर 2024 में सिविल लाइंस के एक होटल में मृत पाए गए ग्लास व्यापारी मकसूद अहमद की हत्या उनकी महिला मित्र सदब उर्फ सदफ ने की थी। धूमनगंज के साकेत नगर निवासी 35 वर्षीय मकसूद अहमद आठ दिसंबर की शाम होटल में अपनी महिला मित्र के साथ थे। भोजन के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। महिला ने व्यापारी के दोस्त सलमान की मदद से उन्हें एसआरएन अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने मकसूद को मृत घोषित कर दिया। शुरू में मौत को सामान्य माना गया। व्यापारी के शरीर पर नीले निशान देखकर पत्नी चांदनी खान ने हत्या की आशंका जताई। उन्होंने सदब और सलमान पर आरोप लगाए। विसरा रिपोर्ट में जहर की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने जांच तेज की। 19 अप्रैल 2025 को आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सदब ने बताया कि मकसूद ने उनके निजी संबंधों को सार्वजनिक कर दिया था। इससे उसकी वैवाहिक जीवन प्रभावित हुआ। बदले की भावना से उसने खाने में जहर मिलाकर मकसूद की हत्या की। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव ने बताया कि पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है। पांच महीने बाद मामले का खुलासा होने से मृतक के परिवार को न्याय की आस जगी है।

# परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा



**सैकड़ों युवाओं ने बाइक रैली में हिस्सा लिया, कस्बे में पुष्पवर्षा से स्वागत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मुसाफिरखाना कस्बे में परशुराम जयंती पर शोभायात्रा और बाइक रैली निकाली गई। कस्बे के पूर्वी छोर से शुरू हुई यह शोभायात्रा पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद प्रारंभिक स्थान पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। डीजे पर भगवान परशुराम और ब्राह्मण समाज से जुड़े गीत बजाए गए। युवाओं ने इन गीतों पर नृत्य किया। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। भाजपा नेताओं ने भी लिया हिस्सा अमेठी में परशुराम जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

जिले के अन्य इलाकों में भी शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। इस आयोजन में सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का संगम देखने को मिला। स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

# शादी समारोह में बैग से लाखों की चोरी

**सीसीटीवी में कैद हुए दो चोर, बैग में डायमंड वॉच समेत कीमती गहने और नकदी थे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, एक शादी समारोह के दौरान चोरी की घटना सामने आई है। नगर के जेल रोड गभड़िया पर स्थित एक मैरिज लॉन में ये घटना हुई है। डॉ. सी.बी.एन. त्रिपाठी के पुत्र अक्षत त्रिपाठी के विवाह के बाद आयोजित प्रीतिभोज में चोरी हुई। डॉ. त्रिपाठी की पुत्री डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी का बैग मंच पर रखा हुआ था। वह कुछ समय के लिए परिवार के सदस्यों को छोड़ने गई थीं। इसी दौरान एक व्यक्ति ने दूसरे की मदद से बैग चुरा लिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना चोरी हुए बैग में कीमती सामान था इसमें रोलेक्स की गोल्ड और डायमंड वॉच, एक लग्जरी वॉच, सोने का मंगलसूत्र, सोने की छोटी झुमकी, पुरुषों के लिए सोने की बड़ी अंगूठी, सोने के हार का सेट, लगभग 1.5 से 2 लाख रुपये नकद, कई लिफाफों में रखे 10,000 रुपये और एक नोट 3 मोबाइल फोन रखा था। पीड़ित ने कोतवाली नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 22 अप्रैल 2025 की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

# लापता बच्ची को पुलिस ने ढूंढा

**24 घंटे में बरामद कर परिजनों को सौंपा, खेलने में झगड़ा होने पर चली गई थी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, पुलिस ने एक 11 वर्षीय लापता बच्ची को 24 घंटे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना 27 अप्रैल को दोपहर 12 बजे की है। बच्ची लक्ष्मी अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। बच्चों के बीच झगड़े से नाराज होकर वह कहीं चली गई। अगले दिन उसकी नानी रामकुमारी ने थाना बाजार शुक्ल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई। अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार और क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में खोजबीन शुरू की गई। परिजनों से मिलाया गया सूचना मिलने पर थाना बाजार शुक्ल पुलिस ने पाली गांव से बच्ची को बरामद किया। लक्ष्मी के



पिता रामबहादुर सराय गांव, थाना सुबेहा, बाराबंकी के निवासी हैं। परिजनों और ग्रामवासियों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# 12 लाख के घोटाले का मामला

**डीएम के आदेश के 30 दिन बाद भी जांच नहीं, प्रधान समेत 4 लोगों पर आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कूरेभार ब्लॉक की ग्रामसभा भरथीपुर में लाखों रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। इद्रीश रजा ने 22 मार्च 2025 को डीएम को शपथ पत्र के माध्यम से शिकायत की। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को 30 दिन में जांच पूरी करने का निर्देश दिया था। शिकायत में ग्राम प्रधान अनारा देवी, प्रधान प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार और तत्कालीन ग्राम सचिव पर ग्रामसभा के बजट में गड़बड़ी का आरोप है। प्राथमिक विद्यालय कनौली की अध्यापिका रिजवाना खातून के पति अब्दुल मन्नान ने फर्जी तरीके से मनरेगा में जॉब कार्ड बनवाकर मजदूरी के नाम पर धन निकाला। ग्रामसभा में सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन की मरम्मत का काम दिखाकर लाखों रुपए का भुगतान कराया गया। इंटरलाकिंग, खड़ंजा, बाउंड्रीवाल और नाली निर्माण के नाम पर भी धन निकाला गया। हैंडपंप मरम्मत और रेबार के नाम पर भी राशि का गबन हुआ।

कुछ कामों का भुगतान कर दिया गया, जबकि वे शुरू भी नहीं हुए। सभी साक्ष्य कराए उपलब्ध शिकायतकर्ता ने सभी साक्ष्य उपलब्ध करा दिए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने न तो समय सीमा में जांच की और न ही स्थलीय निरीक्षण किया। जांच की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2025 बीत चुकी है। शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकारी योजनाओं के धन का दुरुपयोग किया गया है।

वह उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। साथ ही दोषियों से दुरुपयोग हुए पैसों की भरपाई कराने की भी मांग की है।

# महिला पीसी एस अफसर से बैड टच

**घर के बाहर पिस्टल लेकर धमकाया, पति-भाई को पीटा; थाने में बोला-जान से मार दूंगा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, महिला पीसीएस अफसर से बैड टच की घटना सामने आई है। महिला अफसर ने बताया- आरोपी स्ट्रीट डॉग को डंडे से पीट रहा था। मैंने मना किया तो वह भड़क गया। उसने मेरे साथ मारपीट की, फिर अपने पांच बेटों और दो-तीन साथियों के साथ पिस्टल लेकर घर पहुंच गया। उसने मुझे, मेरे पति और भाई को पीटा। महिला अफसर ने आरोप लगाया कि उसने उनके प्राइवेट पार्ट को टच किया। थाने में पुलिस के सामने जान से मारने की धमकी दी। महिला अफसर की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला बन्नादेवी थाना क्षेत्र के प्रतिभा कॉलोनी का है। प्रतिभा कॉलोनी निवासी महिला अधिकारी ने बताया- मैं अलीगढ़ में सीनियर ऑडिट ऑफिसर (पीसीएस) के पद पर कार्यरत हूं। मैं पशु प्रेमी हूं और जीव दया फाउंडेशन नाम के एनजीओ के साथ जुड़ी हूं। मैं स्ट्रीट डॉग को रात में खाना खिलाती हूं। 24 अप्रैल की रात को मैं अपने घर के बाहर स्ट्रीट डॉग को खाना खिला रही थी, तभी इलाके में रहने वाला मेघराज तोमर वहां पर आ गए। जो वकील हैं। डॉग को डंडा मारने लगे। मैंने उन्हें रोका तो आरोपी गाली देने लगा। महिला अधिकारी ने बताया- थाने में लिखित शिकायत करने के बाद 27 अप्रैल को मुझे थाने बुलाया गया। जब मैं थाने गई तो आरोपी वहां आ गया। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद मैं वहां से चली आई। रात को 9 बजे मैं डॉग को खाना खिला रही थी। मेरे पति और भाई साथ में थे। इसी दौरान आरोपी मेघराज तोमर पिस्टल लेकर आ गया। गाली-गलौज करने लगा। आरोपी के साथ उसके पांचों बेटे और दो-तीन लोग भी थे। महिला अधिकारी, उसके पति और भाई को पीटा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता भी की। जान से मारने की कोशिश भी की। महिला अफसर ने बताया-जब मेरे पति ने मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने मोबाइल छीनकर जमीन पर पटकर तोड़ दिया। इतना ही नहीं, गले में सोने की चेन भी छीन ली। मैं बहुत डरी हुईं हूं।

# कूपन से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**5500 रुपए का कूपन बेचकर 500 रुपए का कपड़ा देता था, अवैध तमंचा भी बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बांदा, पुलिस ने कूपन के माध्यम से लोगों को ठगने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। घटना 27 अप्रैल 2025 की है। थाना गिरवां क्षेत्र की रहने वाली सुमन ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से उनके घर आया। उसने खुद को एक कंपनी का प्रतिनिधि बताया। आरोपी ने कहा कि कंपनी तीन दिन का विशेष ऑफर दे रही है। आरोपी ने महिला को बताया कि 5500 रुपए का कूपन खरीदने पर मोटरसाइकिल, साइकिल, फ्रिज, टीवी या कोट-पैंट का कपड़ा इनाम में मिल सकता है। महिला के मना करने पर उसने लालच देकर कूपन खरीदवा लिया। कूपन में मोटरसाइकिल का इनाम निकला, लेकिन आरोपी झांसा देकर सिर्फ कोट-पैंट का कपड़ा देकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच शुरू की। आरोपी को ग्राम सेमरिया जदीद के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह गांव-गांव घूमकर लोगों को ठगता था।

वह 5500 रुपये का कूपन बेचता था, जिसमें सिर्फ 400-500 रुपये का कोट-पैंट का कपड़ा देता था। इस तरह एक ग्राहक से उसे 5000 रुपये तक का फायदा होता था।

# आग से बेघर हुए तीन परिवार

**सपा नेता ने पहुंचाई राहत सामग्री, खाने-पीने का सामान दिया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के सधई राय भददौर गांव में भीषण आग लगने से तीन परिवार बेघर हो गए। आग में सियाराम सरोज, देवराज सरोज और जगदेव सरोज का पूरा घर जलकर राख हो गया। घटना के बाद इन परिवारों के सामने खाने-पीने और रहने की समस्या खड़ी हो गई थी। समाजवादी पार्टी के नेता चंद्रजीत सिंह ने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आगे आकर राहत सामग्री पहुंचाई। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और उन्हें खाने-पीने का सामान दिया। पीड़ित परिवार का देंगे साथ चंद्रजीत सिंह ने कहा कि वे संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर हर्षित पाण्डेय, तेजस्व पाण्डेय, मूसी रजा, सागर तिवारी, अरुण पांडे, सिद्धार्थ तिवारी, राहुल पाल, प्रकाश पांडे सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# मथुरा में वन विभाग अधिकारी की सड़क हादसे में मौत

**आगरा-दिल्ली हाईवे पर तेजरफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मौके पर तोड़ा दम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, फरह थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में वन विभाग के अधिकारी की मौत हो गई। गोवर्धन वन क्षेत्र अधिकारी अवधेश पाल सिंह सुबह करीब 10 बजे बाइक से आगरा कोर्ट जा रहे थे। गांव रेपुरा जाट के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वे बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गए।

जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हेलमेट पहने होने के बावजूद वाहन का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पहचान पत्र और आधार कार्ड से की पहचान घटना को देख हाईवे पर स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और हाईवे पर दौड़ रहे वाहनों के पहिए भी थम गए। सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब तलाशी ली तो मृतक की पहचान उनके जेब से मिले पहचान पत्र और आधार कार्ड से हुई। अवधेश पाल सिंह अलीगढ़ के निवासी थे और मथुरा में करीब तीन साल पहले वन विभाग में आये थे। यहां वह गोवर्धन वन क्षेत्र अधिकारी के पद पर तैनात थे। घटना की जानकारी जब विभाग को मिली तो विभाग के अधिकारी कर्मचारी पोस्टमार्टम गृह पर पहुंच गए।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी